जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 32 | संख्याः 72 | प्रभात | उदयपुर, सोमवार 13 जनवरी, 2025 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिड़ला ऑडिटोरियम में चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने 13 हजार 500 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये।*

# पूर्ववर्ती सरकार की निष्क्रियता से बढ़ा वेकैंसी बैकलॉग

## मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हमारी प्रमुख प्राथमिकता है

- **मुख्यमंत्री ने 30 हजार 907 करोड़ रूपए के 76 हजार 574 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।**
- **विभिन्न जिलों में नवनियुक्त कार्मिकों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीसी के माध्यम से संवाद किया।**

जयपुर, 12 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक होने के साथ ही परिवर्तन की लाभार्थी भी है। युवाओं को यह तय करने का अधिकार है कि विकसित भारत कैसा होना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र को राह दिखाने का कार्य किया और देश में अध्यात्म और संस्कृति को बढ़ ावा दिया। आज देश उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने और सरल बनाने के लिए कई नीतिगत फैसले लिए हैं। समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) के क्वालिफाई अंक समस्त श्रेणियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत और एससी-एसटी के लिए 35 प्रतिशत कर दिए हैं। राज्य सरकार ने अब तक 47 हजार सरकारी नियुक्तियां दी हैं। आज ही 13 हजार 500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। इसके अतिरिक्त 15 हजार नियुक्तियां भी प्रक्रियाधीन हैं।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने 81 हजार पदों के लिए भर्ती परीक्षा का कैलेंडर घोषित किया है। इनमें से 50 हजार से अधिक पदों पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती होगी। उन्होंने कहा कि इतनी बडी संख्या में वैकेंसी का बैकलॉग इसलिए बना क्योंकि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती निकालने

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, यू.पी. में शीत लहर जारी

## हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कश्मीर के पहाड़ों में हल्की बर्फबारी हुई

- **रविवार को राज्य के कुछ हिस्सों में थोड़ी बारिश व ओलावृष्टि हुई। पंद्रह जनवरी के बाद उदयपुर, कोटा, जयपुर संभाग में बादल छाने व वर्षा का अनुमान बताया गया है।**

नई दिल्ली, 12 जनवरी। बारिश के बाद दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार में शीतलहर का दौर जारी है। वहीं हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी देखने को मिल रही है।

राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई और कहीं कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार रविवार सुबह कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा और कहीं कहीं पर शीत दिवस से अति शीत दिवस दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार सुबह तक राज्य के चुरू जिले के सादुलपुर में सबसे अधिक 24 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। राज्य में जैसलमेर में तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 15 जनवरी से एक और नया मौसम तंत्र विकसित होने की संभावना जताई है, जिसके प्रभाव से उदयपुर, कोटा के अलावा जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश होने का पूर्वानुमान है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो जयपुर, बीकानेर, अजमेर, जोधपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। जोधपुर, नागौर, फलौदी के आसपास कई जगह ओले गिरे।

मौसम के इस बदलाव से शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

राजस्थान में आज सबसे ठंडा दिन चूरू जिले में रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। जयपुर में अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री, सीकर में 12.5, पिलानी में 13.2, जैसलमेर में 18, जोधपुर 19.6, कोटा में 15.4, अजमेर में 18.5, उदयपुर में 22.7, गंगानगर में 15.8 और बीकानेर में अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# रविन्द्र चव्हाण महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष बने

- **चव्हाण चौथी बार विधायक बने हैं तथा पूर्व में राज्य मंत्री फिर कैबिनेट मंत्री का भार संभाल चुके हैं।**

मुंबई, 12 जनवरी। विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

चव्हाण (54) ठाणे जिले के डोंबिवली से चार बार के विधायक हैं, जिन्होंने राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था और 2022 से 2024 तक कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन नई भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उन्हें मंत्री के रूप में शामिल नहीं किया गया था। ऐसी अटकलें है कि वह राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में राजस्व मंत्री का पदभार संभालने वाले चंद्रशेखर बावनकुले की जगह ले सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने मकर संक्राति की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 12 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने तथा बसन्त ऋतु के आगमन की खुशी में मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आ ान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ कर्मशील होने तथा जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लें, ताकि प्रदेश उन्नित के नए शिखर को छू सके। मुख्यमंत्री ने अपील की कि लोग पतंगबाजी के दौरान ऐसी डोर का उपयोग करें, जिससे किसी जीव-जन्तु के जीवन को हानि ना हो।

# 'देश में घमंडिया गठबंधन टूटना शुरु हो गया'

## अमित शाह ने कहा, ममता-लालू छटपटा रहे हैं व उद्धव ठाकरे अलग चुनाव लड़ रहे हैं

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा की बंपर जीत के बाद पार्टी के शिरडी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में भाग लिया।**

शिरडी, 12 जनवरी। महाराष्ट्र में महायुति को मिली बंपर चुनावी जीत के बाद भाजपा का शिरडी में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हो रहा है। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन (इंडिया अलायंस) के टूटने की शुरुआत हो चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में सबकुछ नजर आ रहा है। ममता और लालू छटपटा रहे हैं। वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना अलग चुनाव लड़ रही है। अमित शाह ने दावा किया कि दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2024 में महाराष्ट्र में विजय मिली और अब 2025 में दिल्ली से जीत की शुरुआत होगी।

अमित शाह ने कहा कि आने वाले महानगरपालिका और स्थानीय नगर निगम चुनाव में विधानसभा से भी बड़ी जीत भाजपा की होनेवाली है।अमित शाह ने उद्धव ठाकरे पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे जो झूठ फ़रेब कर, बालासाहब के विचार त्याग कर सीएम बने, उन्हें उनकी जगह दिखाने का काम जनता ने कर दिया है। जो सत्ता में आने के सपने देख रहे थे उनके सपनों को चकना चूर किया इसके साथ हिंदुत्व और मोदी जी के विकास की राजनीति का साथ दिया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ सच्ची शिवसेना और सच्ची एनसीपी को बड़ी जीत मिली है। शरद पवार की राजनीति को करारा जवाब मिला है। परिवार वाद की राजनीति करने वालों को तमाचा लगाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जानता ने शरद पवार उद्धव ठाकरे को घर बिठाने का काम किया। महाराष्ट्र की जनता ने इस बात पर मुहर लगाई है कि महाराष्ट्र सनातन संस्कृति को मानता है।

अमित शाह ने कहा कि हमारे चुनाव जीतने की नींव हमारा मज़बूत संगठन है। देवेंद्र फड़नवीस को दूसरी पूरी टर्म मिली है और वे नरेंद्र मोदी के

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# ट्रम्प के शपथ-ग्रहण में जयशंकर जायेंगे

- **बीस जनवरी के कार्यक्रम में विदेश मंत्री भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।**

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डॉनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विदेश मंत्रालय के एक बयान में बताया गया कि ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री (ईएएम) डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसमें कहा गया, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री इस अवसर पर प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे।

# सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मारा

- **बीजापुर के नैशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की जानकारी मिलने पर सर्च अभियान चलाया गया था।**

बीजापुर, 12 जनवरी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढ ेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सली मौजूद होने के बारे में पता चला था। सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल टीम को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें तीन वर्दीधारी नक्सली मारे गए। सुरक्षाबलों का कहना है कि नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

सुरक्षाबलों की टीम ने नक्सलियों के पास से बीजीएल,तीर बम,देशी ग्रेनेड, कुकर और टिफिन बम बनाने का सामान जब्त कर लिया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर ट्वीट में कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ आज हुई मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों के अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के पूर्न खात्मे के लिए हमारे अभियान को मिल रही यह सफलता, मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करती है।

# 'किसान नेता डल्लेवाल शहीद हुए तो आंदोलन उग्र होगा'

## हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वजातीय फोगाट खाप ने केन्द्र सरकार को चेतावनी दी

- **दस माह से अनशन कर रहे 80 वर्षीय किसान जग्गा सिंह की अस्पताल में मृत्यु हो गई। उसका अंतिम संस्कार पैतृक गांव गोदारा में होगा।**

पटियाला, 12 जनवरी। हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 48वें दिन भी जारी है। रविवार को खनौरी बॉर्डर पर 10 महीने से अनशन कर रहे एक किसान की मौत हो गई। उन्होंने पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिछले दिनों तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक किसान की पहचान फरीदकोट जग्गा सिंह (80) के रूप में हुई है। इनके 5 बेटे और एक बेटी है।

हरियाणा में चरखी दादरी में सर्वजातीय फोगाट खाप ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसान नेता जगजीत डल्लेवाल शहीद हो गए, तो खाप पंचायतों के सहयोग से किसान आंदोलन उग्र रूप धारण कर लेगा।खाप ने सुप्रीम कोर्ट से अपील करते हुए केंद्र सरकार के माध्यम से किसान नेता डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाने का अनुरोध किया। सर्वजातीय फोगाट खाप के प्रधान सुरेश फोगाट की अध्यक्षता में पंचायत हुई।

खनौरी व शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन की एकजुटता को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से 15 जनवरी को बुलाई गई बैठक अब 13 जनवरी को होगी। यह जानकारी एसकेएम की ओर से दी गई है। इस संबंध में एसकेएम ने खनौरी में चल रहे मोर्चा के नेताओं को

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# ग्रामीणों ने असम राइफल्स के शिविर पर हमला किया

- **ग्रामीणों और असम राइफल्स के जवानों में टकराव तब शुरु हुआ, जब जवानों ने लकड़ी ले जा रहे वाहनों को रोका।**

इंफाल, 12 जनवरी। मणिपुर के कामजोंग जिले में ग्रामीणों ने असम राइफल्स के एक अस्थायी शिविर पर हमला करके उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह जानकारी स्थानीय विधायक लेशियो कीशिंग ने रविवार को दी।

असम राइफल्स के जवानों ने शनिवार को होंगबेई गांव में आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गोलीबारी की, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों और असम राइफल्स के जवानों के बीच टकराव तब शुरू हुआ, जब जवानों ने शनिवार को लकड़ी ले जा रहे वाहनों को रोका। ग्रामीणों ने बताया कि लकड़ी मकान बनाने के लिए है।

इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों में असम राइफल्स के शिविर पर हमला कर दिया।

शिविर पर हमले के बाद कीशिंग वहां पहुंचे और असम राइफल्स के जवानों के साथ बातचीत की हालांकि, टकराव का कोई समाधान नहीं निकला।

कीशिंग ने कहा कि लकड़ी के आवगमन पर रोक लगाना वन विभाग का कार्य है, असम राइफल्स का नहीं। इलाके में ग्रामीण अब भी मौजूद हैं और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

# कांग्रेस बेरोजगार युवक-युवतियों को 8500 रूपए मासिक देगी

## सचिन पायलट ने दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस की तीसरी गारंटी की घोषणा की

- **पायलट ने कहा, हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्यायें सुनीं, उन पर विशेषज्ञों से चर्चा की, फिर युवा उड़ान योजना के तहत गारंटी दी है।**
- **कांग्रेस महासचिव ने कहा कि आप पार्टी व भाजपा केवल एक-दूसरे पर आरोप लगाती हैं, जनता को भूल गई हैं। लेकिन कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी समझती है।**

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। कांग्रेस ने रविवार को युवा उड़ान योजना नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की और इस योजना के तहत सत्ता में आने पर यहां के बेरोजगार युवक-युवतियों को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है, जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे, उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 05 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे, तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं, फिर उन समस्याओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद अब गारंटी पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पूरे देश में युवा परेशान हैं, दिल्ली में भी युवाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार ने युवाओं पर ध्यान नहीं दिया। आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक-दूसरे पर सिर्फ आरोप लगाए, खुद के वादे पूरे नहीं किए और जनता को भूल गई, लेकिन कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी समझती है। इसलिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हम गारंटी पेश कर रहे हैं, क्योंकि जनता जानती है कि हम जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं।

पायलट ने कहा, दिल्ली में रहने वाले हमारे युवा और शिक्षित साथियों को संबल देना सरकार का दायित्व है। अगर युवा हतोत्साहित होगा तो ये देश के लिए अच्छी बात नहीं है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और 8,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि इस एक साल में युवा अपनी कार्यकुशलता को बढ़ ाकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ ें, जिसका उन्होंने प्रशिक्षण लिया है।

उन्होंने कहा, रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़ े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों सरकारें काम नहीं कर पाईं। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, हमने बहुत सोझ-समझकर युवा उड़ान योजना पेश की है। ये योजना उन शिक्षित युवाओं के लिए है, जो बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। हम युवा उड़ान योजना के जरिए युवाओं को एक दिशा देना चाहते हैं। इस योजना के तहत पंजीकृत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को हर महीने 8,500 रुपए मिलेंगे। हमारी सरकार की कोशिश रहेगी कि युवाओं का कौशल विकास भी हो, ताकि कौशल के मुताबिक उन्हें रोजगार मिल सके।

## विचार बिन्दु

ख्याति की अभिलाषा वह पोषक है जिसे ज्ञानी भी सबसे अंत में उतारते हैं।
–कहावत

# राजनीतिक व्यवस्था का बदला रूप हताश करता है!

जब से समझने लगा हूं यही देखा है कि राजनीतिक दल चुनाव के समय जागते हैं, सक्रिय होते हैं और चुनाव परिणाम आते ही अगले चुनाव तक के लिए गहरी नींद में सो जाते हैं। देश के गणतंत्र बनने के बाद के प्रारंभिक वर्षों में एक ही दल –काँग्रेस–का वर्चस्व रहा, उसके सामने कोई बड़ी चुनौती थी भी नहीं इसलिए यह चलता भी रहा। लेकिन आहिस्ता–आहिस्ता काँग्रेस की चमक कम हुई और उसके विरुद्ध अन्य दल मज़बूत हुए तो उन्होंने अपनी सामर्थ्य का प्रदर्शन करने और देश की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए इस व्यवस्था से किनारा किया। परिणामतः काँग्रेस को भी अपने आलस्य का परित्याग करना पड़ा। लेकिन बहुत सक्रिय वह फिर भी नहीं हुई। जैसे उसके मन में यह बात थी कि जनता चुनेगी तो हमको ही, फिर काहे को मेहनत की जाए। लेकिन जनता ने उसकी उम्मीदों को नकारना शुरु किया और अलग–अलग दलों ने यह दिखाना शुरु किया कि वे काँग्रेस का विकल्प बन कर सत्ता की बागडोर थाम सकते हैं। एक समय देश में ग़ैर काँग्रेसवाद की हवा बहुत तेज़ी से चली, और उसके बाद क्रमशः काँग्रेस कमज़ोर होती गई। इसके पीछे बहुत सारे कारण थे।

देश के राजनीतिक परिदृश्य पर एक बहुत बड़ा बदलाव आया सन् 2014 में, जब भाजपा सत्ता में आई और नरेंद्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री बने। मोदी जी ने जैसे देश की राजनीतिक संस्कृति को आमूल चूल बदल डाला। उनके सत्ता में आने के बाद भाजपा में जैसे नई शक्ति का संचार हुआ। भाजपा हर वक़्त चुनावी मोड में रहने लगी। इसके मूल में ख़ुद प्रधानमंत्री जी थे जो हर समय, हर जगह चुनावी मोड और मूड में ही नज़र आने लगे। उनसे पहले जो लोग सत्ता में थे वे प्रशासन और राजनीति में अंतर करते थे और राजनीतिक बात केवल राजनीतिक मंचों पर ही करते थे। मोदी जी ने इस अंतर को अनदेखा किया और देश–विदेश में हर जगह, औपचारिक अनौपचारिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, अकादमिक, आधिकारिक आदि हर अवसर पर राजनीतिक बात करने और यह बात करके अपने दल को लाभ पहुंचाने में कोई संकोच नहीं किया। इससे देश की राजनीतिक संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया। अन्य दलों को भी, चाहे उनकी हैसियत कैसी भी हो, अपना आलस्य त्याग कर पहले से अधिक सक्रिय होना पड़ा।

लेकिन बदलाव केवल इतना ही नहीं आया। इस नए सत्ता तंत्र ने अन्य बहुत सारी चीज़ों को भी बदल डाला। आज़ादी के बाद लम्बे समय तक सत्ता में रही काँग्रेस ने अपने दल के लिए जितना नहीं किया, उतना, बल्कि उससे बहुत अधिक बहुत अल्प समय में अब कर दिया गया। भाजपा के अनगिनत चकाचक नए दफ़्तर बन गए। भाजपा को मिलने वाले चंदे की तो जैसे बाढ़ ही आ गई। और जब पैसा आया तो उसका उपयोग भी हुआ। केवल पैसे का ही नहीं, सत्ता का भी उपयोग हुआ। कभी शरद जोशी ने लिखा था, इस देश में जो भी होता है अंततः काँग्रेस होता है। तो काँग्रेस की सारी बुराइयां भाजपा ने बढ़ा–चढ़ाकर अपना ली। सत्ता के पास उपकृत करने और दंडित करने के हज़ार तरीके होते हैं। और अगर आप औचित्य अनौचित्य की दुविधा से मुक्त हो जाएं तो फिर कहना ही क्या! बहुत तेज़ी से मीडिया को काबू में किया गया। यही देखें कि संसद में दी गई एक जानकारी के अनुसार, पिछले लगभग पांच सालों में सरकारी विज्ञापनों पर 4607 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। आईटी सेल की सक्रियता ने सत्तारूढ़ दल का पक्ष प्रचारित करने और विपक्षियों की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रयास अन्य दलों ने भी किया, लेकिन उनके पास इतने विपुल साधन तो पहले ही नहीं थे, और जो थे उन पर भी नियंत्रण के लगातार प्रयासों ने जैसे उनकी कमर तोड़ कर रख दी। मीडिया को इस तरह साधा गया कि वह दिन–रात सत्तारूढ़ दल का गुणगान करने लगा और उसने जनता को यह समझाने में काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की कि सत्तारूढ़ लोग नायक हैं और बाकी सब खलनायक। मीडिया का इस्तेमाल पहले की सरकारों ने भी किया था। एक समय वह था जब मज़ाक में यह कहा जाता था कि सरकारी दूरदर्शन पर केवल दो स्त्रियों का कब्ज़ा है– लता मंगेशकर और इंदिरा गांधी। तब केवल सरकारी दूरदर्शन ही था। लेकिन अब न केवल सरकारी दूरदर्शन, निजी टीवी चैनलों और मुद्रण माध्यमों को भी पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। एक और बड़ा अंतर यह है कि अपने खराब कार्यकाल में श्रीमती इंदिरा गांधी ने मीडिया को केवल इतना नियंत्रित किया कि वह उनके खिलाफ मुंह न खोले, लेकिन उन्होंने विपक्षियों की छवि पर प्रहार करने का प्रयास नहीं किया। अब तो सच और झूठ के बीच की दीवार को ध्वस्त कर दिया गया है और बिना इस बात की परवाह किए कि जो कहा जा रहा है तथ्य उसके विपरीत हैं, खूब ज़ोर–शोर से वह सब कहा जाता है जो सत्ता पक्ष के अनुकूल और प्रतिपक्ष के प्रतिकूल होता है। हम जैसे पिछली पीढ़ी के लोग जिनके त्याग और बलिदान के कामों से अभिभूत थे, उनकी छवि को बहुत कौशलपूर्वक ध्वस्त किया गया है और उनकी जगह अपने नायकों को स्थापित करने के खुले प्रयास किए गए हैं। कभी सुभाष चंद्र बोस तो कभी सरदार पटेल का नाम लेकर नेहरु को छोटा करने के प्रयास निरंतर चलते रहते हैं। उनकी तस्वीरों का ग़लत परिचय देकर उनकी छवि को विकृत करने के प्रयास अनवरत होते हैं। बख़्शा गांधी को भी नहीं जाता है। बार–बार यह कहा जाता है कि सत्तर बरसों में यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ, और यह कहने में ही इतना फुटेज खा लिया जाता है कि ख़ुद इन्होंने अपने कार्यकाल में क्या किया, यह बताने का अवकाश ही नहीं बचता है। यह मज़ाक आम है कि 1964 में दिवंगत हुए जवाहर लाल नेहरु वर्तमान सरकार को काम नहीं करने दे रहे हैं। अपनी हर नाकामयाबी का ठीकरा बेझिझक नेहरु के सर फोड़ा जाता है। जहां तथ्य पोल खोल सकते थे वहां तथ्यों की व्यवस्था को ही बदल डाला, ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। सूचना के अधिकार को लुंज–पुंज बना डाला गया।


> **सत्ता के पास उपकृत करने और दंडित करने के हज़ार तरीके होते हैं। और अगर आप औचित्य अनौचित्य की दुविधा से मुक्त हो जाएं तो फिर कहना ही क्या! बहुत तेज़ी से मीडिया को काबू में किया गया। यही देखें कि संसद में दी गई एक जानकारी के अनुसार, पिछले लगभग पांच सालों में सरकारी विज्ञापनों पर 4607 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।**

ऐसे बहुत सारे बदलावों का लाभ सत्तारूढ़ दल को मिला है। वह मज़बूत और शक्तिमान हुआ है। बाबा तुलसीदास के कथन 'नहिकोउ अस जनमेहुं जग माहीं/ प्रभुता पाहिजाहि मद नाहीं' को चरितार्थ करने में उसने कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज उसका स्वर जनता की सेवा का कम और उस पर कृपा करने के अहंकार का अधिक है। उसके नेतागण समय–समय पर जिस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं और जिसके लिए वे कभी लज्जित नहीं होते हैं, यह उसी अहंकार की परिणति है। सत्तारूढ़ दल ने एक और चमत्कार किया है, और यह चमत्कार है असल मुद्दों से ध्यान हटाकर निरर्थक बल्कि बेहूदा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर देने का। जनता को रोज़गार चाहिए, महंगाई से मुक्ति चाहिए, सस्ती शिक्षा और आसानी से सुलभ चिकित्सा सुविधा चाहिए, सुगम नागरिक जीवन चाहिए, महिलाओं के लिए सुरक्षित परिवेश चाहिए, संवेदनशील शासन चाहिए, बच्चों और बुज़ुर्गों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं चाहिए, परिवहन के पर्याप्त साधन चाहिए, इस बात पर भरोसा चाहिए कि नागरिकजो टैक्स चुकाता है उसके बहुलांश का प्रयोग उसी के हित में हो रहा है, जनता का सम्मान करने और उसकी बाद सुनने वाला प्रशासन और जनता की आकांक्षाओं का खयाल करने वाले जन प्रतिनिधि चाहिए, जन सुविधाओं का विस्तार चाहिए.... और ऐसी ही अनेक अपेक्षाएं किसी भी जनतंत्र के नागरिक करते हैं। लेकिन उन्हें मिलता क्या है? भटकाने और ध्यान बांटने वाले नारे और मुद्दे, जैसे– छद्म धर्मनिरपेक्षता, हिंदू ख़तरे में है, बंटोगे तो कटोगे, शाहज़ादे, पप्पू, सत्तर साल, मुफ्तखोरी, विश्व गुरु, दुनिया में बजता भारत का डंका वगैरह, और अगर कोई सवाल कर ले या असहमत हो जाए तो तुरंत गद्दार या अर्बन नक्सल होने का तमगा या फिर पाकिस्तान का हवाई टिकिट, क्योंकि अब दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं तो एक नया शगूफ़ा छोड़ दिया गया है– शीश महल। याद आता है एक फ़िल्मी संवाद, चिनॉय सेठ, जिनके अपने घर शीशे के हों वे दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। पता नहीं हमारे शासक किस तरह के सामान्य आवास में रहते हैं कि वे यह कहने का साहस जुटा लेते हैं! मैं कहीं पढ़ रहा था कि पीएम आवास मात्र 2700 करोड़ की लागत से बना है। क्या हमारी जनता को केवल इस आधार पर किसी को चुनना है कि वह कैसे आवास में रह रहा है? क्या इस तरह की चर्चाएं महज़ इसलिए की जाती हैं कि हमारे पास न तो जन कल्याण के लिए किए गए अपने कामों की कोई प्रभावशाली सूची है और न कोई ठोस योजना। वादे तो पहले भी किए गए थे, उनमें से कुछ को जुमला कह कर नकार दिया गया तो कुछ के लिए कोई न कोई बहाना बना दिया गया। अब जब यह लगने लगा है कि झूठे वादे काम नहीं आएंगे तो इस तरह की निरर्थक बातों का सहारा लिया जाने लगा है।

हमारी राजनीतिक व्यवस्था का यह बदला रूप हताश करता है!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# समाज सुधारक, कर्मयोगी व सभी वर्गों के चहेते स्वामी विवेकानंद



डॉ. जे.के. गर्ग

स्वामी जी ने कहा कि जीवन में हमारे चारो ओर घटने वाली छोटी या बड़ी, सकारात्मक या नकारात्मक सभी घटनायें हमें अपनी असीम शक्ति को प्रकट करने का अवसर प्रदान करती है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था जिसके जीवन में ध्येय या संकल्प नहीं है तो ऐसा आदमी खेलती, गाती, हँसती, बोलती लाश ही है। जब तक व्यक्ति अपने जीवन के विशिष्ट मैकाले द्वारा प्रतिपादित और उस समय प्रचलित अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था के स्वामी विवेकानन्दजी घोर रोधी थे क्योंकि इस शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ बाबुओं की संख्या बढ़ाना था। वह ऐसी शिक्षा चाहते थे जिससे बालक का सर्वांगीण विकास हो सके। बालक की शिक्षा का उद्देश्य उसको आत्मनिर्भर बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। स्वामी जी के अनुसार अनुशासन का अर्थ है आत्मा द्वारा निर्दिष्ट होना। विद्यालय अनुशासन का हमारी दृष्टि से यह अर्थ होना चाहिए कि अध्यापक और बच्चे सभी अपने प्राकृतिक स्व पर नियंत्रण कर सकें, सामाजिक नियम एवं आदर्शों के अनुकूल आचरण करने के लिए अन्दर से प्रेरित हों और आत्मा की अनुभूति करने के लिए निरंतर अग्रसर रहें। स्वामी जी ने दुनिया के सामने जो वेदांत दर्शन रखा वो वाकई धर्म की सही विवेचना करता है। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि वेदांत ही सिखाता है कि कैसे धार्मिक विचारों की विविधता को स्वीकार करना चाहिए। हिंदू धर्म पर स्वामी विवेकानंद ने कहा कि हिंदू धर्म का असली संदेश लोगों को अलग–अलग धर्म संप्रदायों के खांचों में बांटना नहीं, बल्कि पूरी मानवता को एक सूत्र में पिरोना है। स्वामी विवेकानन्द मानते थे कि अध्यात्म–विद्या और भारतीय दर्शन के ज्ञान के बिना विश्व अनाथ हो जायेगा। अपने अमेरिका प्रवास के समय वे अमेरिका में संगठित कार्य से किये गये कामों के फलस्वरूप चमत्कारिक परिणामों से स्वामी जी अत्यंत प्रभावित हुए थे। उन्होंने ठान लिया था कि उन्हें भारत में भी इस संगठन कौशल को पुनर्जीवित करना है। इसलिए विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर सन्यासियों तक को संगठित कर उन्हें समायोचित उत्तम कार्य करने का प्रशिक्षण दिया था। अमेरिका से लौटने पर स्वामीजी ने भारतीयों से नये स्फूर्ति पूर्व भारत के निर्माण हेतु आव्हान किया। भारत की जनता भी स्वामीजी के आव्हान पर अपने उत्थान हेतु गर्व के साथ निकल पड़ी।

स्वामी जी का मानना था देश के सभी नागरिकों को धर्म नहीं रोटी चाहिए। स्वामी ने संदेश दिया कि पूरब की दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत धर्म से जुड़ी हुई नहीं है। उनके पास धर्म की कमी नहीं है, लेकिन भारत के लाखों पीड़ित जनता अपने सूखे हुए गले से जिस चीज के लिए बार–बार गुहार लगा रही है वो रोटी है। वो हमसे रोटी मांगते हैं, लेकिन हम उन्हें पत्थर पकड़ा देते हैं। भूख से मरती जनता को धर्म का उपदेश देना उसका अपमान है।

सच्चाई तो यह ही है कि स्वामी जी कभी भी किसी धर्म की उपेक्षा नहीं की थी, वो तो सभी धर्मों संप्रदायों का सम्मान करते थे। एक बार अंग्रेजों ने भारतीय परिधान पर व्यंग्य करते हुए कहा था कि आपकी वेशभूषा बहुत असभ्य हैं। इस पर स्वामी विवेकानंद जी ने कहा, आपकी संस्कृति में, कपड़ों से आदमी की पहचान होती है लेकिन हमारी संस्कृति में कपड़ों से नहीं वरन चरित्र से व्यक्ति की पहचान होती है। ठीक ऐसा धर्म के मामले में भी है। एक हिंदू को मुसलमान नहीं बनना चाहिये और ना ही मुसलमान को हिन्दू। एक इसाई को हिंदू या बोद्ध नहीं बनना चहिए और न ही किसी हिंदू या बौद्ध को इसाई बनना चाहिए। लेकिन प्रत्येक को दूसरे धर्म का सम्मान अवश्य करना चाहिए। स्वामीजी की शिष्या अमेरीका की लेखक लिसा मिलर 'वी आर आल हिन्दूज नाऊ' शीर्षक के लेख में बताती है–वैदऋग सबसे प्राचीन ग्रंथ कहता है कि सत्य एक ही है।

जहाँ विवेकानंद जी की धर्म संसद विश्व धर्म संसद थी वहीं दूसरी तरफ हाल में हरिद्वार और रायपुर में आयोजित धर्म संसद वैश्विक नहीं थी। यहां तथाकथित संतों और धर्मान्धता से ग्रसित लोगों ने जहर उगला और केवल हत्या घृणा और नरसंहार की बातें कीं। महात्मा गांधी की निंदा करते हुए उनके हत्यारे की प्रशंसा की गई। एक वक्ता ने कहा कि उन्होंने देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सीने में रिवॉल्वर खाली कर उनको मार डालने की लज्जाजनक बात की क्योंकि उन्होंने 2006 में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। हरिद्वार और रायपुर के भाषणों की निंदा केवल इसलिए ही नहीं की जानी चाहिए क्योंकि वे वैमनस्य पैदा करते हैं। वे वैमनस्य तो पैदा करते ही हैं, लेकिन साथ ही मौलिक तौर पर विवेकानंद द्वारा स्थापित हिंदुत्व का विरोध करते हैं। इन तथाकथित संतों का हिंदुत्व स्वामी विवेकानंद के हिन्दुत्त्व से बिलकुल भिन्न है। अब तो ऐसा मालूम होता है कि वास्तव के अंदर हिंदू और हिन्दुत्व अलग–अलग ही है।

विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास वैमनस्यता के बजाय उनके बीच प्रेम विश्वास को मजबूत बना कर ही हम देश को मजबूत बना सकते हैं। स्वामी जी कहते थे कि आर्थिक समृद्धि की नींव सामाजिक पूंजी है जो विश्वास और सामाजिक सद्भाव पर बनती है। वर्तमान मान के शासक कटेगे तो मरोगे और एक रहोगे तो नेक बनोगे का नारा देकर भारतियों को बाटने का घ्रणित काम करके खुद को हिदुत्व का ठेकेदार बतलाने की कोशिस करके लोगो को विश्व गुरु बनाने का झूठा सपना दिखा कर बेवकूफ बनाने का प्रयास करते हैं।

इतिहास साक्षी है कि युग प्रवर्तक और मनुष्य का जीवन काल साधारणतः अल्पकालीन ही होता है, ऐसे ही युग प्रवर्तकों में स्वामी विवेकानंद जी भी थे। विवेकानन्द जी के शिष्यों के अनुसार जीवन के अन्तिम दिन यानि 4 जुलाई 1902 को भी उन्होंने अपनी ध्यान करने की दिनचर्या को नहीं बदला था, उन्होंने उस दिन घंटों तक ध्यान किया और ध्यानावस्था में ही अपने ब्रह्मरन्ध्र को भेद कर महासमाधि ले ली। बेलूर में गंगा तट पर चंदन की चिता पर उनकी अंत्येष्टि की गयी। उनके शिष्यों और अनुयायियों ने उनकी स्मृति में वहाँ एक मन्दिर बनवाया और समूचे विश्व में विवेकानंद तथा उनके गुरु रामकृष्ण के सन्देशों के प्रचार के लिये 130 से अधिक केन्द्रों की स्थापना की। समय के साथ यह बात सही साबित हो गई है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक के राष्ट्र निर्माण के समस्त प्रयत्नों में स्वामी जी के कार्यों और शिक्षाओं का अमूल्य योगदान रहा है और आगे भी रहेगा।

भारत के अध्यात्म, धर्म, दर्शन और सांस्कृतिक गौरव को विश्व में प्रतिष्ठित करते हुए मानवता के कल्याण और राष्ट्र पुनरुत्थान के प्रति जीवन समर्पित कर देने वाले प्रेरक स्वामी जी का जीवन व ओजस्वी संदेश आज भी हमे जीवन का सही दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है। विडम्बना है कि जहाँ विवेकानंद जी की धर्म संसद विश्व धर्म संसद थी वहीं दुसरी तरफ हाल में हरिद्वार और रायपुर में आयोजित धर्म संसद वैश्विक नहीं थी।

परम पूज्य स्वामी जी के 162वें जन्म दिन के पावन अवसर पर हम सभी को उनके द्वारा बताये गये मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिये। स्वामी विवेकानंद जी की जन्मतिथि को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हमारे देश में मनाया जाता है। स्वामीजी सैकड़ो सालों से हमारे लिये लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

**–डॉ. जे के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा, जयपुर**

# वन विभाग की 1305 बीघा भूमि फर्जी तरीके से बेचने का मामला सामने आया

> **पूगल, छत्तरगढ़, खाजूवाला, कोलायत, लूणकरणसर आदि क्षेत्रों में जमीनों की खरीद-फरोख्त बड़े पैमाने पर हो रही है**

**बीकानेर,** (निसं)। छत्तरगढ़ के चक 6 डीएलएम में वन विभाग की 80 बीघा जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। वर्ष 2016 में तत्कालीन उपखंड अधिकारी के एक आदेश की आड़ में वन विभाग को आवंटित 1125 बीघा जमीन में से 80 बीघा को अराजीराज किया। इसमें से 40 बीघा जमीन एक किसान को बेच डाली। उसके बाद बची 40 बीघा भी बेचने की तैयारी चल रही थी। उसी दौरान जमीन घोटाले उजागर होने से अफसर डर गए।

हैरत की बात ये है कि नामांतरण संख्या 153 से 40 बीघा जमीन राजस्व रिकॉर्ड में पोर्टल पर ऑनलाइन तो नजर आ रही है, लेकिन उसके दस्तावेज गायब हैं। गड़बड़झाला इतना है कि जिस जमीन को कमांड बताकर बेचा गया वह जमाबंदी में अनकमांड है। बताया जा रहा है कि पास ही नहर की दामोलाई माइनर है, जिसका पानी जमीन में लगता है। वहां जमीनों की कीमत करीब तीन से चार लाख रुपए बीघा है। इस हिसाब से 2 करोड़ 40 लाख रुपए कीमत की जमीन को लेकर हेराफेरी वन विभाग की जांच में सामने आई है।

जानकारी के अनुसार उपनिवेशन विभाग ने 1983 में एक परिपत्र जारी कर शर्त लगा दी थी कि जमीन कमांड होने पर वन विभाग का आवंटन निरस्त समझा जाएगा। इसके आधार पर दोहरे आवंटन मामलों का निस्तारण करने की आड़ में वन विभाग की जमीनें बेच दी गईं, जबकि 1980 में फॉरेस्ट कंजरवेशन एक्ट प्रभावी होने के कारण यह शर्त 2012 में उपनिवेशन ने ही प्रत्याहारित कर ली थी। जानकारी के अनुसार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत वन विभाग की जमीन किसी को आवंटित नहीं की जा सकती।

राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में इस बार सबसे ज्यादा निवेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहा है। 26 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल ऊर्जा क्षेत्र के लिए हैं। इनमें 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश केवल बीकानेर जिले में होगा। इसे देखते हुए पूगल, छत्तरगढ़, खाजूवाला, कोलायत, लूणकरणसर आदि क्षेत्रों में जमीनों की खरीद–फरोख्त बड़े पैमाने पर हो रही है। गौरतलब है कि पूगल और छत्तरगढ़ में 169 बीघा जमीन फर्जी तरीके से सोलर कंपनियों को बेच दी गई थी। इसे देखते हुए इस बार भी फर्जी आवंटन की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। छत्तरगढ़, पूगल, खाजूवाला में सोलर कंपनियों के आने से जमीनों के भाव आसमान छूने लगे हैं। इसकी आड़ में सरकारी और वन विभाग की जमीन को बेचने का गोरखधंधा उजागर हुआ। सभी गड़बड़ियां प्रशासन गांव के संग शिविर के दौरान हुईं। इसे लेकर पुलिस थानों और एसीबी में अब तक मुकदमे चल रहे हैं। दो आरएएस अधिकारी, तीन तहसीलदार सहित 34 अधिकारियों और कर्मचारियों को पिछले साल निलंबित किया जा चुका है।

वन विभाग की खाजूवाला बॉर्डर पर चक 4 पीडब्ल्यूएम में 865 बीघा, छत्तरगढ़ के चक 2 डीएलएम में 270 बीघा, चक 1 आरएसएम में 90 बीघा और 6 डीएलएम में 80 बीघा भूमि का फर्जी आवंटन हुआ है। कुल मिलाकर 1305 बीघा भूमि का फर्जी आवंटन हुआ है। खाजूवाला के चक 4 पीडब्ल्यूएम में 1978 में वन विभाग को 4250 बीघा जमीन चारागाह विकास के लिए दी गई थी। इसमें से 865 बीघा जमीन 2020 से 2024 के बीच निजी खातेदारों के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दी गई। बाकी 3385 बीघा जमीन अभी भी अराजीराज है। छत्तरगढ़ के चक 2 डीएलएम में वन विभाग की 1200 बीघा जमीन को अराजीराज घोषित कर दिया। इसमें से 270 बीघा का आवंटन काश्तकारों को कर दिया गया। जांच कमेटी ने आवंटन गलत माना, लेकिन जमीन अब तक वन विभाग के रिकॉर्ड में नहीं चढ़ाई है। चक 1 आरएसएम में 1600 बीघा में से 90 बीघा का फर्जी आवंटन किया गया था। यह जमीन न्यायिक प्रक्रिया से वापस वन विभाग नाम करनी है, लेकिन छत्तरगढ़ तहसील में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

वीरभद्र मिश्र, डीएफओ छत्तरगढ़ ने बताया कि रेंज अधिकारी वन बंदोबस्त डॉ. योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने इन गड़बड़ियों की जांच की थी। जिला कलेक्टर को सभी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। निजी खातेदारों को आवंटित जमीन निरस्त करवाने के लिए विधिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

कमलेश सिंह, तहसीलदार, खाजूवाला का कहना है कि खाजूवाला बॉर्डर पर चक 4 पीडब्ल्यूएम में वन विभाग की जमीन रिकॉर्ड ऑनलाइन होने पर अराजीराज हो गई थी। वन विभाग के नाम दर्ज नहीं हो सकी। अब कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी इसका नामांतरण करेगी। हमने प्रस्ताव भेज दिए हैं।

# शीतलहर की चपेट में अजमेर, सड़कों पर घना कोहरा छाया

## शीतलहर की चपेट के चलते घरों से बाहर निकलने पर लोगों की धूजणी छूट गई

> **घना कोहरा होने से विजीबिलिटी कम होने से राहगीरों सहित वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ा**

**अजमेर/सरवाड़,** (कासं)। मौसम में हुए बदलाव के कारण शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश के बाद रविवार को दोपहर 11 बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा, तो वहीं बादलों की ओट में सूर्य की लुकाछुपी का खेल चलता रहा। शीतलहर की चपेट के चलते घरों से बाहर निकलने पर लोगों की धूजणी छूट गई। घना कोहरा होने से विजिबिलिटी कम होने से राहगीरों सहित वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार अलसुबह से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा। कोहरे से शहर की सड़कें दिखाई नहीं दे रही थी, जिससे आमजन सहित दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक लाइट जलाते हुए धीरे–धीरे वाहन चल रहे थे। वहीं दोपहर बाद कोहरा छंटने पर चली सर्द हवाओं ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी। लोगों घरों में दुबके नजर आए।


**बढ़ती सर्दी से अभिभावकों की बढ़ी परेशानी :–** रविवार को चली शीतलहर के चलते सोमवार को स्कूलों का समय 9 बजे बाद का होने पर भी अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने में खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। खासकर उन अभिभावकों को जो अपने बच्चों को टू व्हीलर पर छोड़ने जाते हैं।

वर्तमान में कक्षा 1 से 12 तक सभी बच्चों की स्कूलें खुली हैं। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी अभिभावकों को चिंता सता रही है। मौसम विभाग के आगामी दिनों में भी सर्द को लेकर अलर्ट जारी किया है। बढ़ती सर्दी की मार दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ी है। भवन निर्माण कार्यों पर जाने वाले मजदूरों की छुट्टी हो गई। मजदूर हाट बाजार में कोई ठेकेदार मजदूर लेने नहीं आया। निर्माण कार्य ठप्प हो गए। अजमेर के निकटस्थ पुष्कर तीर्थ क्ष ोत्र में भी पर्यटन प्रभावित रहा।

**सरवाड़ में कोहरे के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त :** शहर में चार दिन तक दिन के समय अच्छी धूप खिलाने के बाद मौसम ने करवट बदली। रविवार को शहर पूरे दिन कोहरे की आगोश में रहा। वहीं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अजमेर–कोटा मार्ग पर कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली। वहीं शीतलहर का दौर जारी रहा। लोग कंपकंपाते नजर आए।

लोग सर्दी के बचाव के लिए जगह–जगह अलाव जलाकर तापते नजर आए। वहीं शीतलहर से तापमान में गिरावट हो गई। सड़कों पर अंधेरा सा छाया रहा। वहीं घरों से बाहर निकलने पर धूजणी छूटने लगी। दोपहर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। वहीं लोग ऊनी कपड़े पहने नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि मावठ होने से रबी में बोई गई फसल सरसों गेहूं जो चना साहित अन्य फसलों में फायदा होगा एवं चने में लगने वाले उगटा रोग में भी कमी आएगी जिससे पैदावार में वृद्धि होगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 13 जनवरी, 2025**


पौष मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, सोमवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र दिन 10:38 तक, वैधृति योग रात्रि 4:39 तक, विष्टि करण सायं 4:30 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:14 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–कर्क, बुध–धनु, गुरू–वृष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज रवियोग दिन 10:38 तक रहेगा। कुमार योग रात्रि 3:51 से आरम्भ होगा। भद्रा आज दिन 4:30 तक रहेगी। आज पौषी पूर्णिमा, सत्य पूर्णिमा व्रत है। आज से माघ स्नान आरम्भ होंगे। आज वैधृति पूण्य, लोहड़ी उत्सव, भोगी उत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:40 तक, चर 9:58 से 11:17 तक, चर 1:54 से 3:12 तक, लाभ–अमृत 3:12 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:49




### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### वृष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी और संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।



### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।



### सिंह
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### कन्या
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



### तुला
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृश्चिक
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।



### धनु
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मकर
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा।



### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### मीन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।




*केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की।*

# जयपुर में रिटायर्ड आई.ए.एस. को बस कंडक्टर ने लात घूंसों से पीटा

## तय बस स्टॉप पर नहीं उतारने और किराये को लेकर दोनों में विवाद हुआ था

- **आगरा रोड पर कानोता और नायला के बीच लो-फ्लोर बस में वारदात हुई।**
- **मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. ने आरोपी कंडक्टर को सस्पैंड कर दिया।**

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर की लो-फ्लोर बस में रिटायर्ड आई.ए.एस. के साथ कंडक्टर ने थप्पड़ और लात-घूंसों से मारपीट की। बस में मौजूद सवारियों ने बीच-बचाव कर रिटायर्ड आई.ए.एस. को बचाया। बताया जा रहा कि दोनों के बीच 10 रुपए किराए और सही बस स्टॉप पर नहीं उतारने की बात पर विवाद हुआ। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है, परंतु इसका वीडियो रविवार को सामने आया। पीड़ित रिटायर्ड आईएएस ने कानोता थाने में बस कंडक्टर के खिलाफ शनिवार शाम को मामला दर्ज कराया। रविवार को जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड ने तुरंत एक्शन लेते हुए कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया।

पुलिस ने बताया कि नायला रोड कानोता निवासी रिटायर्ड अधिकारी, आई.ए.एस. आर.एल. मीना (75) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि शुक्रवार सुबह 11 बजे जयपुर से नायला जाने वाली लो-फ्लोर बस में सफर कर रहे थे। उन्होंने कानोता बस स्टॉप तक का टिकट ले लिया। सफर के दौरान बस नायला तक पहुंच गई, लेकिन कंडक्टर ने उन्हें कानोता बस स्टॉप पर नहीं उतारा। आर.एल. मीना नायला स्टैंड पर नीचे उतरने लगे। तभी कंडक्टर घनश्याम ने उन्हें रोक लिया और किराए के 10 रुपए और मांगे। इस पर आर.एल.मीना ने बस कंडक्टर को कानोता बस स्टॉप पर नहीं उतारे जाने पर नाराजगी दिखाते हुए रुपए देने से मना कर दिया। किराए की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ने पर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। कंडक्टर ने मीणा को धक्का मारा। जिस पर उन्होंने भी कंडक्टर को थप्पड़ मार दिया। फिर गाली-गलौज करते हुए कंडक्टर ने रिटायर्ड आईएएस को लात-घूंसे मारे। बस में सफर कर रहे लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया। वीडियो शेयर होने के बाद जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड ने आरोपी कंडक्टर घनश्याम शर्मा को सस्पैंड कर दिया। कंडक्टर के खिलाफ जांच की जा रही है।

## 'देश में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साथ मिलकर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाएगी। अब हम अगली बार वोट मांगने आएंगे तो हर किसान के खेत तक पानी पहुंचा होगा।

अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा, आपसे विनती है एक भी बूथ ऐसा न हो जहां ढ ाई सौ से कम सदस्य हों, सभी जगह आप भगवा लहरा दो। पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा और एनडीए को जिताना है। उन्होंने कहा कि कभी कोई हमारे साथ विश्वासघात ना कर पाए ऐसी मजबूत भाजपा बनानी है।

# अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने 8 भारतीय मछुआरे पकड़े

- **रामेश्वरम् के मछुआरों को मन्नार के उत्तर में मछली पकड़ते गिरफ्तार किया, दो ट्रॉलर भी जब्त किये हैं।**

रामेश्वरम, 12 जनवरी। श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में रविवार को आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर भी जब्त किए। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि रामेश्वरम के मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे तड़के मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के लिए रामेश्वरम घाट से समुद्र में गए थे।

श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि अभियान के दौरान आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और दो भारतीय मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों को जब्त किया गया, जो श्रीलंकाई जलक्षेत्र में थे। इस महीने एक सप्ताह के अंदर श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की यह दूसरी घटना है।

इससे पहले नौ जनवरी को, श्रीलंकाई नौसेना और तटरक्षक बल ने पुडुचेरी के रहने वाले 10 मछुआरों को गिरफ्तार किया था और कथित रूप से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और श्रीलंकाई क्षेत्रीय जल में अवैध शिकार करने के आरोप में एक मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को जब्त कर लिया।

केवल 2024 में, श्रीलंकाई समुद्री बलों ने 554 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और 72 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त किया और उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मत्स्य अधिकारियों को सौंप दिया।

## 'किसान नेता ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पत्र लिखा है।

बैठक पातड़ां में पुराने बस स्टैंड के पास गुरुद्वारा साहिब में होगी। इससे पहले संयुक्त मोर्चा (गैर राजनीतिक) की ओर से पत्र लिखकर जल्द बैठक करने को कहा गया था।

# कश्मीर घाटी में अभी भी न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे

- **पहाड़ी क्षेत्रों में 15-16 जनवरी को हल्की बर्फबारी की संभावना बताई जा रही है।**

श्रीनगर, 12 जनवरी।कश्मीर में रात के तापमान में उल्लेखनीय सुधार होने के बावजूद ठंड में कोई कमी नहीं आई है, जबकि रविवार को कश्मीर घाटी में तापमान शून्य से नीचे रहा। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने 18 जनवरी तक मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहने का अनुमान लगाया है। जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में 15 से 16 जनवरी के बीच हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

# महाकुंभ में 50 करोड़ श्रद्धालुओं के लिये 300 से अधिक ट्रेन चलेंगी

## रेलवे अधिकारियों ने दावा किया कि भीड़ प्रबंधन, टिकट बुकिंग काउन्टर व सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं

- **यात्रियों की सहायता के लिये मेला क्षेत्र में काउन्टर तथा यात्री आश्रम शैड चालू हो चुके हैं।**
- **देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिये एक से ज्यादा भाषाओं में घोषणायें की जा रही हैं।**

प्रयागराज, 12 जनवरी। महाकुंभ के मेले में लगभग 50 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। दुनिया का सबसे बड़ा मेला 13 जनवरी को शुरू हो रहा है और पहले दिन से ही प्रयागराज में लाखों भक्तों के पहुंचने उम्मीद है। अगले एक महीने तक कुंभ में लोग पहुंचते रहेंगे। इनमें से अधिकतर लोग ट्रेन के जरिए ही यात्रा करेंगे। उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के आवागमन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। प्रयागराज पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा के लिए 80 स्पेशल ट्रेन सहित 300 से ज्यादा ट्रेनें चलाने की योजना है।

महाकुंभ शुरू होने से कुछ घंटे पहले, एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, टिकट बुकिंग काउंटर, ट्रेन सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

ट्रेन सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए, त्रिपाठी ने कहा कि "उत्तर मध्य रेलवे सोमवार से छोटी दूरी की नियमित ट्रेनें भी शुरू करेगा। कल 80 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, जिससे कुल ट्रेनों की संख्या लगभग 300 हो जाएगी। मकर संक्रांति परसों है, इसलिए हमने इनवर्ड स्पेशल ट्रेन सेवाएं भी शुरू की हैं।"

त्रिपाठी ने कहा अगर हम कल की अपनी योजना को देखें, तो हम प्रयागराज से करीब 4-5 लाख लोगों को निकालने के लिए तैयार हैं, अगर वे अपने घर लौटना चाहते हैं। यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में टिकट काउंटर और यात्री आश्रय शेड चालू हैं।

भाषा संबंधी परेशानियों को दूर करने तथा तीर्थयात्रियाँ को उनकी मूल भाषा में जानकारी देने के लिए एक से ज्यादा भाषाओं में घोषणाएं की जा रही हैं। टोल-फ्री नंबर और सूचना स्क्रीन भी हैं।

# सफलता के करीब है इसरो का स्पाडेक्स परीक्षण अभियान

बेंगलुरु, 12 जनवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्पेस डॉकिंग एक्सपैरिमेंट (स्पाडेक्स) मिशन एक सफल परीक्षण डॉकिंग प्रयास के साथ ही एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित होने के करीब पहुंच गया है। अभियान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरिक्ष यान को बाद में एक सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया गया। इसरो वैज्ञानिक अब मिशन के अगले चरणों का चार्ट बनाने के लिए परीक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं। वास्तविक डॉकिंग प्रक्रिया निष्कर्षों के व्यापक मूल्यांकन के बाद शुरू होगी।

इसरो ने रविवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, 15 मीटर तक और उससे आगे 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का और विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी। इससे पहले इसरो ने मिशन की प्रगति पर एक रोमांचक अपडेट प्रदान किया था, जिसमें एक ऐतिहासिक डॉकिंग घटना के प्रति इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया था।

# उत्तराखंड : बस गहरी खाई में गिरी, पाँच की मौत

- **पौड़ी से दहलचोरी जा रही बस अनियंत्रित होकर 10 मीटर खाई में गिरी थी।**

देहरादून, 12 जनवरी। उत्तराखंड के पौड़ी जनपद अंतर्गत, श्रीनगर क्षेत्र में, दहल चौरी के पास रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटनों में पांच यात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 17 अन्य घायल हैं। इस घटना के आठ घायलों को हायर सेंटर श्रीनगर और शेष नौ घायल पौड़ी जिला अस्पताल में एडमिट किये गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के सेनानायक (कमांडेंट) अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज पौड़ी जनपद के जिला नियंत्रण कक्ष से सूचित किया गया कि दहलचोरी के पास एक बस अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। एसडीआरएफ की श्रीनगर व सतपुली पोस्ट से रेस्क्यू टीमों ने बस यात्रियों को निकालने का कार्य शुरू किया। यदुवंशी के अनुसार, बस पौड़ी से दहलचोरी जा रही थी। जिसमें कुल 22 यात्री सवार थे। पौड़ी पुलिस व स्थानीय लोगों ने मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए कुल 18 घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया।

मुख्यमंत्री धामी ने बस दुर्घटना के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुखद घटना के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा उनके परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# बिहार बंद का मिला-जुला असर रहा, 15 गिरफ्तार

पटना, 12 जनवरी। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) रद्द कराने की मांग को लेकर आहूत बिहार बंद का मिलाजुला असर रहा। पटना जिला प्रशासन ने तोड़फोड़, यातायात बाधित करने और सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने के आरोप में यादव एवं उनके समर्थकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई तथा 15 उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया।

यादव के रविवार को बिहार बंद के आव्हान पर छात्र युवा शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में युवा और छात्र सुबह सड़कों पर उतर गए। राजधानी पटना के अशोक राजपथ पर छात्रों ने टायर जलाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। साथ ही डाकबंगला चौराहे पर भी मार्ग को जाम किया। कई दुकानों को जबरन बंद कराया गया।

# पूर्ववर्ती सरकार की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के मामले में पूर्ववर्ती सरकार निष्क्रिय रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नई खनन नीति के माध्यम से एक करोड़ नौकरियों के सृजन का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही, हम पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में भी हजारों नई नौकरियों के अवसर सृजित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की लागत के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इनमें 20 हजार 320 करोड़ रुपये के 15 हजार 184 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार 587 करोड़ रुपये के 61 हजार 390 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने बाड़मेर से चंपाराम, प्रतापगढ़ से कुसुमलता मीणा, भरतपुर से शोभित शर्मा, बारां से कृष्णा कुमारी तथा अलवर से प्रमोद कुमार सहित अन्य कार्मिकों से नियुक्ति मिलने के बाद के अनुभव जाने।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीसी के माध्यम से संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि सपने देखने वालों के ही सपने साकार होते हैं। राष्ट्र की उन्नित में युवाओं की अहम भूमिका है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए। सरकार के कार्यकाल के पहले ही साल में ऐतिहासिक बजट पेश किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे। राज्य के विभिन्न जिलों से मंत्रीगण, विधायकगण एवं नवनियुक्त कार्मिक वीसी के माध्यम से जुड़े।

# लॉस एंजलिस में हजारों फायर ब्रिगेड आग बुझाने में लगीं

लॉस एंजिलिस, 12 जनवरी। अमेरिका की सबसे अधिक आबादी वाली लॉस एंजलिस काउंटी में जंगल की आग को फैलने से रोकने के लिए हजारों फायर ब्रिगेड जुटी हैं। इस बीच आग से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। काउंटी ऑफ लॉस एंजलिस मेडिकल एग्ज़ामिनर द्वारा प्रकाशित मौतों की सूची के अनुसार, शनिवार शाम तक जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 16 हो गई।

मंगलवार शाम को लगी इस घातक ईटन आग से अल्टाडेना और पासाडेना के पास 14,117 एकड़ क्षेत्र बरबाद हो गया हालांकि शनिवार दोपहर तक 15 प्रतिशत क्षेत्रों में लगी आग पर काबू पा लिया गया था। हवाई इमेजरी ओवरले से पता चलता है कि आग से लगभग 7,081 संरचनाएँ क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई होंगी। पैलिसेड्स फायर, लॉस एंजिल्स क्षेत्र में कम से कम पांच सक्रिय जंगल की आग में सबसे बड़ी है।

# इंडोनेशिया के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस परेड पर मुख्य अतिथि होंगे

## भारत को कूटनीतिक सफलता मिली, जब उन्होंने गणतंत्र दिवस के बाद पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम टाला

- **इंडोनेशिया के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। यह चौथी बार होगा, जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे।**

नई दिल्ली, 12 जनवरी। सन् 2025 की शुरुआत में भारत को दो बड़ी कूटनीतिक कामयाबी मिली हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रोबोबो सुविआंता ने पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम टाल दिया और अब वे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। मालदीव का चीन के चंगुल से निकलना भी भारत की कूटनीतिक कामयाबी है।

ज्ञातव्य हैं कि इंडोनेशिया और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। सांस्कृतिक और आर्थिक तौर पर भी दोनों देशों के रिश्ते अच्छे हैं। यही वजह है कि 1950 से लेकर अब तक चौथी बार इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस परेड पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया है।

इस बीच भारत को तब एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी तब मिली जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रोबोबो सुविआंतो ने भारत के बाद पाकिस्तान जाने के अपने कार्यक्रम को टाल दिया। माना जा रहा है कि ऐसा भारत के ऐतराज पर किया क्योंकि भारत नहीं चाहता कि गणतंत्र दिवस के उसके मुख्य अतिथि भारत के बाद सीधे पाकिस्तान जाएं क्योंकि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद की नीति से बाज नहीं आ रहा। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है। राष्ट्रपति प्रोबोबो द्वारा दौरा टाला जाना पाकिस्तान के लिए झटका है। इस बीच यह भी खबर आई कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी अचानक मालदीव के दौरे पर पहुंचे और राष्ट्रपति मुईज़्ज़ू से मुलाकात की।

दरअसल चीन के विदेश मंत्री का अचानक चीन दौरा इस लिहाज से दिलचस्प है क्योंकि भारत और मालदीव दोस्ती की पुरानी राह पर चल पड़े हैं। इससे चीन परेशान हो रहा है क्योंकि उसने मालदीव को पूरी तरह से अपने प्रभाव में लेने की कोशिश की। लेकिन राष्ट्रपति मुईज़्ज़ू को ये बात समझ में आ गई कि चीन चालाकी कर रहा है, मालदीव का असल मददगार भारत ही है।

# मैं मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं हूँ- रमेश बिधूड़ी

## केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा बिधूड़ी को 1-2 दिन में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करेगी

- **भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा, "पार्टी ने मुझे लगातार आशीर्वाद दिया है। दो बार सांसद व तीन बार विधायक बनाया है।**

नई दिल्ली, 12 जनवरी। भाजपा के पूर्व सांसद और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने रविवार को आम आदमी पार्टी के इन दावों को खारिज कर दिया कि अगले महीने होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश करने पर विचार कर सकती है।

उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं। रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी सीट से चुनाव मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में कहा था कि भाजपा पूर्व सांसद को एक या दो दिन में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने जा रही है। हालांकि विपक्षी पार्टी ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया है।

बिधूड़ी ने एक बयान में रविवार को कहा, "मैं लोगों के लिए उतना ही समर्पित हूं, जितना मैं अपनी पार्टी के लिए हूं। मेरे लिए मुख्यमंत्री की भूमिका के बारे में बातें पूरी तरह से निराधार हैं। मैं आपका सेवक बनकर लगातार काम करता रहूंगा।"

इसके साथ ही भाजपा नेता ने कहा कि वे पार्टी के "वफादार कार्यकर्ता" हैं। उन्होंने कहा, "पार्टी ने मुझे लगातार आशीर्वाद दिया और मुझ पर भरोसा जताया है। मैं पच्चीस सालों तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रहा था, पार्टी ने मुझे दो बार सांसद और तीन बार विधायक बनाया और चौथी बार आपके दरवाजे पर आने का अवसर दिया है।"

रमेश बिधूड़ी ने कहा कि उनका नाम उछालकर केजरीवाल ने स्वीकार कर लिया है कि अगले विधानसभा सत्र में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है क्योंकि यह यह सभी को पता है कि दिल्ली की जनता उनसे नाराज है। लोग शराब घोटाला, शिक्षा घोटाला, स्वास्थ्य घोटाला, शीशमहल घोटाला, टूटी सड़कें, गंदे पेयजल आदि से छुटकारा पाना चाहते हैं।

कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने भी शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा बिधूड़ी का नाम मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में घोषित करने जा रही है। आतिशी ने "सबसे अधिक गालियां देने वाले" नेता को चुनने के लिए पार्टी की आलोचना की।

# छत्तीसगढ़ के पावर प्लांट्स के विस्तार में अडानी 60 हजार करोड़ रूपए लगायेंगे

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ मुलाकात में गौतम अडानी ने 75 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव दिये

- **रायपुर, कोरबा और रायगढ़ प्लांट्स के विस्तार से 6,120 मेगावाट अतिरिक्त बिजली प्राप्त होगी।**
- **अडानी समूह, सीमेंट क्षेत्र में 5,000 करोड़ रूपए तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास व पर्यटन में 10 हजार करोड़ रूपए का निवेश करना चाहता है।**

रायपुर, 12 जनवरी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार को यहां अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी से मुलाकात की। अडानी ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा परियोजनाओं व सीमेंट उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में 75,000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान अडानी ने बताया कि रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए अडानी समूह की 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश की योजना है। इस परियोजना से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में इस बड़े विस्तार से राज्य न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति में भी मदद करेगा।

चर्चा के दौरान अडानी समूह ने राज्य में सीमेंट प्लांट्स के विस्तार के लिए पांच हजार करोड़ रुपए के निवेश पर सहमति व्यक्त की। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री और अडानी की मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। अडानी ने बताया कि साय के सुझाव पर अडानी समूह द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ ावा देने के लिए राज्य में अगले चार वर्षों में लगभग 10 हजार करोड़ का व्यय सीएसआर एवं अन्य स्त्रोतों से किया जाएगा। अडानी समूह छत्तीसगढ़ में शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए स्किलिंग एक्सलैंस स्कूल तथा नवा रायपुर में प्रीमियम स्कूल की स्थापना करेगा। इसके साथ अडानी समूह स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम करेगा। एम्स रायपुर और मेकाहारा अस्पताल के पास मरीजों के परिजनों के लिए 1000 बेड डॉर्मिटरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा अडानी समूह छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने नई परियोजनाओं पर काम करेगा।

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ संघर्ष समिति का धरना 766वें दिन भी जारी

## अब तक प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली, ग्रामीण मांगें नहीं माने जाने तक गांधीवादी तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे

**कोटपूतली,** (निसं)। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को लगातार 766वें दिन भी भयंकर सर्दी के सितम के बावजूद भी जारी रहा।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पिछले दो दिन से हाड़कापंती भयंकर ठंड पड़ रही है, बावजूद इसके भी गांव के महिला, पुरूष व बच्चे धरना स्थल पर लगे टेंट में बैठकर अपने अधिकारों क लड़ाई लड़ रहे हैं, किन्तु हैरानी की बात है कि आखिर 766 दिन बीत जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन धरनार्थियों की सुध क्यों नहीं ले रहा है? संघर्ष समिति अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया ने कहा कि ग्रामीण मांगें नहीं माने जाने तक गांधीवादी तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आबादी के नजदीक स्थापित क्रशर व सीमेंट प्लांट से रात-दिन उड़ने वाली



कोटपूतली में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ ग्रामीण धरने पर बैठे।

सीमेंट, डस्ट व अत्यधिक शोरगुल से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो रहा है। रात्रि में क्रशर के ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है, बच्चे, बुजुर्ग चैन से नींद भी नहीं ले पाते हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। हवा में उड़ने वाली सीमेंट व डस्ट से गांव में दमा, त्वचा व एलर्जी जैसी बीमारियां आम हो गई है। ग्रामीण अपनी समस्याओं के संबंध में प्रशासन को अनेकों बार ज्ञापन भी दे चुके हैं, लेकिन किसी भी प्रकार समाधान नहीं किया गया है।

रविवार को संघर्ष समिति द्वारा धरना स्थल पर पौषबड़ा कार्यक्रम का

- **जोधपुरा संघर्ष समिति ने धरना स्थल पर पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया**

आयोजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत बाबूजी, दिनेश यादव, रामनिवास योगी, भूपसिंह धानका, लक्ष्मीनारायण योगी, जयराम यादव, सूबेसिंह मीणा, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, रोहिताश योगी, विजय यादव, सुरज्ञानी योगी, हरिराम यादव, जितेंद्र यादव, श्रीराम योगी, हंसराज योगी, अजय योगी, मोहर सिंह योगी, श्रीपाल यादव, प्रकाश सोरेला, रामावतार यादव व लीलाराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# चालीस लाख की अवैध शराब पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार



सायला पुलिस ने अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरपतार किया।

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के सायला थाना पुलिस व डीएसटी सांचौर ने रविवार को पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रॉण्ड की 500 पेटी, अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जब्त किया। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई अवैध शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख आंकी गई है।

जालोर जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब तस्करी की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी मोटाराम एवं वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में सायला थानाधिकारी महेन्द्रसिंह मय जाब्ता एवं डीएसटी टीम सांचौर द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न ब्रॉण्ड की 500 कार्टन (पेटी) अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब मय परिवहन में प्रयुक्त

- **ट्रक में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रॉण्ड की 500 पेटी मिली**
- **आरोपी से शराब की खरीद-फरोख्त के सम्बंध में अनुसंधान किया जा रहा है**

आईसर ट्रक जब्त कर एक आरोपी गिरफ्तार को किया।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के सिराणा टोल के पास नाकाबंदी के दौरान ट्रक को रूकवाकर चैक किया, जिसमें प्लास्टिक के कट्टों के कवर में कार्टन जो ऊनी कम्बल के टुकडों के नीचे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रॉण्ड के 500 कार्टून बरामद किये। साथ ही आरोपी कोहलाराम पुत्र निम्बाराम जाट निवासी रंगाला पुलिस थाना बागोडा जिला जालोर को गिरफ्तार किया। वहीं शराब परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जब्त किया। आरोपी कोहलाराम के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी से शराब की खरीद-फरोख्त एवं इनसे जुड़े अन्य आरोपियों के सम्बंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

अवैध बरामद अंग्रेजी शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख रूपये आंकी गई है। शराब के प्रत्येक बोतलों पर से बैच नम्बर घीसे हुए मिले हैं, जिनकी जांच वृताधिकारी जालोर एवं थानाधिकारी सायला द्वारा की जा रही है। यह शराब प्रथमदृष्टया पूछताछ से पंजाब से गुजरात राज्य ले जाना ज्ञात हुआ है। पूर्व में भी भारतमाला से पुलिस थाना सायला द्वारा 307 अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की थी।

# चोरों ने डॉक्टर के सूने मकान को निशाना बनाया

## नगदी व जेवरात चोरी होने आशंका, घटना के समय दंपती जयपुर गये हुये थे

**डूंगरपुर,** निसं)। जिले के कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर की पत्रकार कॉलोनी में चोरों ने एक डॉक्टर के सूने मकान को अपना निशाना बनाया है। चोरों द्वारा घर के अन्दर का सारा सामान बिखेर कर नगदी सहित जेवरात चुराकर ले जाने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित परिवार जयपुर गया हुआ है। परिवार के आने के बाद चोरी हुए सामान की पूरी जानकारी का पता लग पायेगा। वारदात के बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मामले के अनुसार डूंगरपुर शहर की पत्रकार कॉलोनी निवासी डॉ. सीपी पवार व उनकी पत्नी अपने मकान में रहते हैं। दंपती जयपुर में बेटी के बीमार होने के चलते 3 जनवरी से जयपुर गए हुये हैं और वहीं पुत्री के देहवसान के



चोरी की वारदात के बाद घर में सामान बिखरा पड़ा है।

बाद वह जयपुर ही थे। वहीं घर में पेड़-पौधों को पानी पिलाने की जिम्मेदारी पड़ोसी को देकर गए थे। इधर रविवार सुबह जब पड़ोसी पौधों को पानी पिलाने डॉ. सीपी परिवार के घर गए तो देखा कि पीछे का गेट खूला था। वहीं जाली टूटी हुई थी और घर के अन्दर सामान बिखरा पड़ा था। जिस पर पड़ोसी ने चोरी

- **चोरों द्वारा की गई चोरी का अनुमान पीड़ित परिवार के आने के बाद ही लगेगा**

की सूचना पीड़ित परिवार और कोतवाली पुलिस को दी। चोरों द्वारा सूने मकान से नगदी और जेवर चुराकर ले जाने की आशंका जताई जा रही हैं। चोरी का आंकलन और कितनी नगदी और जेवरात चोरों द्वारा चोरी की गई हैं इसका अनुमान पीड़ित परिवार के आने के बाद ही लग सकेगा। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट चुकी हैं साथ ही पुलिस ने वारदात स्थल का जायजा लेकर आस-पास के सीसीटीवी फुटेंज खंगालनें प्रांरभ कर दियें हैं।

# सचिन पायलट कल टोंक दौरे पर

**टोंक,** (निसं)। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट 14 जनवरी मंगलवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। टोंक कांग्रेस कमेठी जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि सचिन पायलट प्रातः 10 बजे नवाबपुरा ग्राम पंचायत पालड़ा पंचायत समिति टोंक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन का लोकार्पण, ग्राम पंचायत मेहंदवास पंचायत समिति टोंक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो नवीन कक्षाओं के कक्ष का लोकार्पण, ग्राम छापरिया ग्राम पंचायत लाम्बा पंचायत समिति टोंक में स्थानीय कार्यक्रम, दोपहर ग्राम पंचायत खजूरिया ग्राम पंचायत घांस पंचायत समिति टोंक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण, दोपहर एक बजे ग्राम पंचायत बमोर टोंक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार के भवन का लोकार्पण करेंगे।

# युवक को प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले गजसिंहपुर पुलिस ने एक युवक को प्रतिबंधित घटक के कैप्सूल की तस्करी के आरोप में पकड़ा है। आरोपी से 5600 कैप्सूल, 14 हजार रुपए नकदी और एक कार को बरामद किया है। कार्रवाई में डीएसटी सेकंड टीम का विशेष सहयोग रहा।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान आरोपी18 एफ निवासी 26 वर्षीय

- **आरोपी से 5600 कैप्सूल, 14 हजार की नकदी बरामद**

हरदीप सिंह पुत्र निर्मल सिंह जटसिख को कार के पास खड़े देखा। आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। इस पर संदेह हो जाने पर आरोपी को घेरा देकर काबू किया और भागने का कारण पूछा। आरोपी घबरा गया और बहाने करने लगा।

इस पर संदेह हो जाने पर उसकी तलाशी ली गई। तब आरोपी के पास से जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिबंधित किए गए घटक के 5600 कैप्सूल बरामद हुए। एएसआई रामप्रताप ने थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोपी किसी को डिलीवरी देने को इंतजार कर रहा था। अभी पूछताछ की जा रही है।

# 8.50 लाख की संदिग्ध राशि के साथ पकड़े गए चीफ मैनेजर की मुश्किलें बढ़ीं

**हनुमानगढ़,** (निसं)। केंद्रीय सहकारी बैंक के चीफ मैनेजर से जब्त 8.50 लाख रुपए के प्रकरण में अधिकारियों की पूछताछ जारी है। एसीबी अब चीफ मैनेजर से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों द्वारा अब चीफ मैनेजर से यह जानने की कोशिश की जा रही है कि यह राशि कहां से लाई गई थी और किस-किस अधिकारियों को देना था। इसके सारे रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि एसीबी टीम चीफ मैनेजर की संपत्ति की भी जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने देर रात को कोहला टोल नाका के पास कार्रवाई करते हुए एक कार में सवार हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लि. के चीफ मैनेजर संजय शर्मा से 8.50 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जब्त की थी। ब्यूरो सूत्रों के अनुसार गोपनीय सूचना मिली थी कि केंद्रीय सहकारी बैंक का चीफ मैनेजर संजय शर्मा जंक्शन मेगा हाइवे पर अपनी कार में विभिन्न ब्रांचों से अवैध वसूली कर लाखों रुपए नकदी लेकर

- **एसीबी ने कोहला टोल नाका के पास कार सवार हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लि. के चीफ मैनेजर संजय शर्मा से 8.50 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जब्त की थी**
- **एसीबी अब चीफ मैनेजर से गहन पूछताछ कर रही है कि यह राशि कहां से लाई गई थी और किन-किन अधिकारियों को देना था**

हनुमानगढ़ की तरफ आ रहा है। संदिग्ध राशि के बारे में प्रारंभिक पूछताछ में चीफ मैनेजर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया था। इसके बाद एसीबी ने उक्त राशि को जब्त करके जांच शुरू की है। केंद्रीय सहकारी बैंक हनुमानगढ़ के मुख्य प्रबंधक संजय शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम को भी पत्र लिखा गया है। 10 जनवरी को ही एसीबी ने मुख्य प्रबंध को संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा और इसी दिन टिब्बी निवासी राजाराम चाहर पुत्र भागीरथ चाहर ने मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर संजय शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सीएम को भेजे गए पत्र में लिखा गया था कि हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक में कार्यकर्ता संजय कुमार द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गबन एवं संबंधित व्यवस्थापकों की झूठी शिकायतें करवाई जाती है। इसके बाद डरा-धमकाकर राशि वसूल की जाती है। किसानों का फसली बीमा का क्लेम उठाने के भी आरोप लगाए थे। सीएम को भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि संजय कुमार द्वारा वर्ष 2011 में शाखा हनुमानगढ़ टाउन में प्रबंधक के पद पर रहते हुए फतेहगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति एवं मैनावाली ग्राम सेवा सहकारी समिति के किसानों का फसली बीमा का क्लेम किसानों के खातों में जमा न करवाकर स्वयं उठा लिया था। इन समितियों से फर्जी लोन उठाकर स्वयं भुगतान ले लिया गया। इस कारण आज तक ये समितियां असंतुलन में चल रही है।

शाखा हनुमानगढ़ टाउन में प्रबंधक के पद पर रहते हुए फर्जी कृषि/अकृषि ऋण वितरण कर बैंक को आर्थिक हानि पहुंचाई गई। वर्ष 2013 में हनुमानगढ़ जंक्शन शाखा में प्रबंधक रहते हुए इनके द्वारा 3 लाख रुपए की जाली डीडी तैयार कर भुगतान किया गया। उक्त प्रकरण में भी दोषी माना गया था, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में लिखा गया है कि शाखा गोरखाना में भी प्रबंधक के पद पर रहते हुए लगभग 40 लाख रुपए का गबन किया गया। इसकी उप रजिस्ट्रार हनुमानगढ़ द्वारा की गई जांच में दोषी भी माना गया परंतु 9 वर्ष बीतने के बाद भी विभाग द्वारा आज तक जांच का परिणाम जारी नहीं किया गया है। 3 संतान होने के बावजूद झूठा शपथ पत्र देकर प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक पद पर पदोन्नति का भी आरोप लगाया है।

# तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने आरोपी के पास से साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम युक्त 1060 टैबलेट्स और ट्रामाडोल युक्त 150 कैप्सूल जब्त किया। एनसीबी ने यह कार्रवाई हिंडौन पुलिस के साथ मिलकर किया।

एनसीबी के जोनल निदेशक घनश्याम सोनी ने कि यह ऑपरेशन जयपुर जोनल यूनिट और पुलिस के सहयोग से किया गया। 11 जनवरी को पुलिस थाना हिंडौन सिटी के साथ मिल कर एनसीबी की जयपुर टीम ने बल्लू उर्फ जगदीश (50) पुत्र रूपसिंह निवासी शाहगंज तुलसीपुरा, हिंडौन को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपी के पास से साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम युक्त 1060 टैबलेट्स और ट्रामाडोल युक्त 150 कैप्सूल जब्त किए।

# फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर,** (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र के वलोता गांव में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वरदा थाना एएसआई भंवर सिंह ने बताया कि काउडा पुत्र जीवा रोत निवासी वलोता फला लिमडी ने रिपोर्ट में बताया की उसके बड़े भाई और भाभी नहीं है। इस वजह से उसका भतीजा महेंद्र (22 वर्ष) पुत्र उदा रोत छोटे से उसके और बहन के घर रहता है। महेंद्र गुजरात में नौकरी करता है।

9 जनवरी को वह गुजरात से अपनी भुआ हूरज निवासी सुलई पगारा के घर आया। उसके बाद 11 जनवरी को चाचा काउडा के घर आया। शनिवार को खाना खाने के बाद घर के आंगन में अलग-अलग सो गए। रविवार को

- **पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया, युवक गुजरात में नौकरी करता था**

काउडा उठने के बाद घर के पीछे की तरफ गया। घर से कुछ ही दूर महेंद्र एक बबूल के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ मिला। उसने मफलर से फांसी लगाई। घटना के बाद सनसनी फैल गई कर लोग इकट्ठे हो गए। वहीं सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वही रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घना कोहरा बना आफत : निजी बस व ट्रेलर में भिड़ंत, सात यात्री घायल

## पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की सहायता से घायलों को नसीराबाद अस्पताल पहुंचाया



स्थानीय नागरिकों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

**अजमेर,** (कासं)। सर्दी के तीखे तेवर के चलते रविवार को सड़कों पर छाया घना कोहरा वाहन चालकों के आफत बना रहा। सराना थाना क्षेत्र के ग्राम शोकलिया के निकट नसीराबाद-कोटा मार्ग पर

- **घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, पुलिस मामले की जांच में जुटी है**

सुबह आठ बजे एक निजी बस व ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार सात यात्री जख्मी हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की सहायता से 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को नसीराबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सराना थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नसीराबाद-कोटा मार्ग पर शोकलिया के निकट सुबह आठ बजे बस व ट्रेलर की भिड़न्त हो गई। इससे बस में सवार सात सवारियां घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में घायल यात्रियों में डेगाना नागौर निवासी श्रवणराम पुत्र भेरुराम, भिनाय निवासी राजूलाल पुत्र प्रभुलाल, बिड़कच्यावास निवासी नारायण पुत्र रतना गुर्जर सहित अन्य घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को नसीराबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के छुट्टी दे दी गई। सराना थाना पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर लिए। मामले की जांच में जुटी है।

# मसूदा में छाया घना कोहरा, सर्द हवाओं से सर्दी का एहसास

## वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा, दिन में लाइट जलानी पड़ी

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा उपखंड क्षेत्र में रविवार को सर्दी के तीखे तेवर देखने को मिले। मसूदा उपखंड में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को लाइट जला कर धीमी गति से लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।

- **सर्दी से बचाव के लिए लोग दिन में अलाव तापते नजर आए**

मसूदा उपखंड में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा क्षेत्र में देखा गया। इस दौरान दृश्यता मात्र 10 मीटर तक ही रही। सर्दी से बचाव के लिए लोग दिन में अलाव तापते नजर आए। क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद सर्द हवाओं के चलने के साथ ही गलन तेज हो गई है व कोहरे के आगोश में कस्बा रहा। सर्दी के चलते लोग घरों में दुबके रहे, सर्दी के तीखे तेवरों ने लोगों को घरों में



मसूदा में कोहरा छाने से वाहन चालक परेशान हुये।

कैद रहने को मजबूर कर दिया है। बाजारों में भी इन दिनों चहल-पहल कम हो गई है।

व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाते नजर आए। किसानों ने बताया कि ये मौसम फसलों के लिए लाभदायक है। सर्दी के तीखे तेवर व कोहरे ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। शीतलहर के चलने व कोहरे ने तेज सर्दी का एहसास कर दिया। सर्दी से बचने के लिए लोगों ने अलाव जलाकर के सर्दी से बचने के जतन किए जा रहे है। कस्बे के बाजार और मोहल्ले में भी लोग अलाव जलाते हुए नजर आए।



दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। - एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी, अपनी टीम के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — करुण नायर



विदर्भ ने कप्तान करुण नायर के लगातार चौथे शतक और ध्रुव शोरे की सेंचुरी के दम पर सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी ओर हरियाणा ने गुजरात को करीबी मुकाबले में 2 विकेट से हराया। सेमीफाइनल 15 और 16 जनवरी को वडोदरा में खेले जाएंगे। हरियाणा का सामना कर्नाटक और विदर्भ का सामना महाराष्ट्र से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा। गुजरात हरियाणा वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में हरियाणा ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात को अच्छी शुरुआत मिली, उर्विल पटेल और आर्या देसाई ने 7 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत टी-20 इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में 200 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई, ऐसा उसने 2024 में किया।

## 14 साल की आयरा ने 346 रन बनाए

### अंडर-19 डोमेस्टिक के वनडे में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय



अलुर, 12 जनवरी। मुंबई की आयरा जाधव ने रविवार को अंडर-19 विमेंस वनडे में 346 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली है। वह अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली भारत की पहली प्लेयर बनीं। विमेंस अंडर-19 वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका की लिजेल ली के नाम है, जिन्होंने 2010 में 427 रन बनाए थे।

अलुर क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को आयरा की पारी के दम पर मुंबई ने मेघालय के खिलाफ 3 विकेट पर 563 रन बनाए। मेघालय विमेंस टीम जवाब में 19 रन ही बना सकी और मुंबई ने 544 रन के रिकॉर्ड अंतर से मुकाबला जीत लिया।

आयरा ने अपनी पारी में 42 चौके और 16 छक्के लगाए। उन्होंने 157 गेंदें खेलीं, जिनमें 58 गेंदों पर बाउंड्री आईं। बाउंड्री से ही उन्होंने 260 रन बना दिए, बाकी 86 रन उन्होंने दौड़कर बनाए। भारत के घरेलू विमेंस क्रिकेट के सभी वनडे टूर्नामेंट में यह किसी भी बैटर का हाईएस्ट स्कोर है। आयरा ने स्मृति मंधाना का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने अंडर-19 घरेलू क्रिकेट में ही दोहरा शतक लगाया था।

आयरा ने 2 सेंचुरी पार्टनरशिप की आयरा ने मुंबई के लिए ओपनिंग की और कप्तान हर्ले गाला के साथ 274 रन की पार्टनरशिप की। गाला 79 बॉल पर 116 रन बनाकर आउट हुईं। जाधव ने इस पार्टनरशिप में 149 रन बनाए। उन्होंने फिर दीक्षा पंवार के साथ दूसरे विकेट के लिए 186 रन जोड़े। इस दौरान मेघालय की 3 गेंदबाजों ने अपने स्पेल में 100 से ज्यादा रन खर्च किए।

आयरा ने विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के मिनी ऑक्शन के लिए भी रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिला। कुछ दिनों बाद उन्हें विमेंस अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की रिजर्व प्लेयर्स में शामिल किया गया। टूर्नामेंट इसी साल 18 जनवरी से मलेशिया में खेला जाएगा, इंडिया विमेंस टीम वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। सचिन जहां पढ़ें, उसी स्कूल में पढ़ती हैं आयरा 14 साल की आयरा शारदाश्रम विद्यामंदिर इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती हैं। इसी स्कूल में सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और अजित आगरकर भी पढ़े हैं। आयरा ने 8 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था।

## महिला क्रिकेट : भारत ने आयरलैंड को 116 रन से हराया

### अपना हाईएस्ट वनडे स्कोर बनाया, जेमिमा की सेंचुरी, सीरीज में 2-0 की बढ़त

राजकोट, 12 जनवरी। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। टीम ने रविवार को दूसरे वनडे मुकाबले में 116 रन की जीत हासिल की। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा।

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 370 रन स्कोर खड़ा किया। यह टीम का सबसे बड़ा वनडे स्कोर है। जवाब में आयरलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट पर 254 रन ही बना सकी। भारतीय टीम की ओर से जेमिमा रोड्रिग्ज ने शतकीय पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आयरलैंड की खराब शुरुआत 371 रन का टारगेट चेज कर रही आयरिश टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 32 रन के टीम स्कोर पर ओपनर गैबी लुईस का विकेट गंवाया। वे 19 बॉल पर महज 12 रन बना सकीं। टीम ने पहले पावरप्ले के 10 ओवर में एक विकेट पर 40 रन बना लिए थे। सारा और रैली ने पारी संभाली पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद ओपनर सारा फोर्ब्स ने क्रिस्टीना कूल्टर रीली के साथ मिलकर आयरिश पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 80 बॉल पर 55 रन की साझेदारी की। यहां दीप्ति शर्मा ने सारा को बोल्ड कर दिया।

रीली का अर्धशतक, डेलानी ने 37 रन बनाए सारा के आउट होने के बाद रीली ने पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने लौरा डेलानी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। रैली ने 113 बॉल पर 80 रन बनाए, जबकि डेलानी ने 37 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम की ओर से दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके। प्रिया मिश्रा को 2 विकेट मिले।

मंधाना-रावल ने दिलाई मजबूत शुरुआत ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 156 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने तोड़ा। यहां स्मृत मंधाना 54 बॉल पर 73 रन बनाकर आउट हुईं। फिर 20वें ओवर की पहली बॉल पर डेम्पसे ने रावल को कर दिया। रावल ने 61 बॉल पर 67 रन बनाए। यहां टीम का स्कोर 156 रन था।

## विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल : विदर्भ और हरियाणा सेमीफाइनल में



वडोदरा, 12 जनवरी। विजय हजारे ट्रॉफी में रविवार को आखिरी 2 क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। विदर्भ ने कप्तान करुण नायर के लगातार चौथे शतक और ध्रुव शोरे की सेंचुरी के दम पर सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी ओर हरियाणा ने गुजरात को करीबी मुकाबले में 2 विकेट से हराया। सेमीफाइनल 15 और 16 जनवरी को वडोदरा में खेले जाएंगे। हरियाणा का सामना कर्नाटक और विदर्भ का सामना महाराष्ट्र से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा।

क्वार्टर फाइनल 1: गुजरात हरियाणा वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में हरियाणा ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात को अच्छी शुरुआत मिली, उर्विल पटेल और आर्या देसाई ने 7 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया। 8वें ओवर में दोनों ही 23-23 रन बनाकर आउट हो गए।

शुरुआती 2 विकेट के बाद गुजरात का बिखरना शुरू हो गया। टीम ने 137 रन पर 8 विकेट गंवा दिए। आखिर में सौरव चौहान ने 23 और हेमंग पटेल ने 54 रन बनाकर टीम को 196 रन तक पहुंचाया। हरियाणा से अनुज ठकराल और निशांत सिंधु ने 3-3 विकेट लिए। अंशुल कम्बोज को 2 और पार्थ वत्स को 1 विकेट मिला।

अच्छी शुरुआत के बाद बिखरा हरियाणा 197 रन के टारगेट के सामने हरियाणा ने 173 रन तक 3 ही विकेट गंवाए। अर्श रंगा 25, हिमांशु राणा 66 और अंकित कुमार 20 रन बनाकर आउट हुए। यहां निशांत सिंधु 21 रन के स्कोर पर आउट हुए, उनके बाद पार्थ वत्स भी 38 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने 192 रन तक 8 विकेट भी गंवा दिए।

आखिर में विकेटकीपर दिनेश बाना ने 12 और अंशुल कम्बोज ने 7 रन की पारी खेली और टीम को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से जीत दिला दी। गुजरात से रवि बिश्नोई ने 4 और अर्जन नागवस्वाला ने 2 विकेट लिए। प्रियजीत सिंह जडेजा और विशाल जायसवाल को 1-1 सफलता मिली। 3 विकेट लेने वाले अनुज ठकराल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

क्वार्टर फाइनल 2: राजस्थान विदर्भ मोतीबाग स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। राजस्थान ने 19 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए। दोनों ओपनर्स 6-6 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान महिपाल लोमरोर ने 32, दीपक हुड्डा ने 45, शुभम गढ़वाल ने 59 और कार्तिक शर्मा ने 62 रन बनाए।

आखिर में समर्पित जोशी ने 23 और दीपक चाहर ने 31 रन बनाकर टीम का स्कोर 291 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ से यश ठाकुर ने 4 विकेट लिए। 1-1 सफलता दर्शन नालकंडे, नचिकेत भुटे और हर्ष दुबे को मिली।

## गावस्कर ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई

मुंबई, 12 जनवरी। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के भव्य समारोह की शुरुआत महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की मौजूदगी में की। मुख्य कार्यक्रम 19 जनवरी को वानखेड़े में होगा। गावस्कर ने कहा, "इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है।"

## आईपीएल का 18वां सीजन 21 मार्च से

नई दिल्ली, 12 जनवरी। 2025 का पहला मैच 21 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। यहीं 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग (आईपीएल) का तीसरा सीजन 7 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इस बार का टूर्नामेंट 2 की बजाय 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार कमेटी ने सभी फ्रेंचाइजी को टूर्नामेंट शुरू होने की डिटेल भेज दी है, जिससे कि वे खिलाड़ियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दें। कोलकाता नाइट राइडर्स की डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। चैंपियंस ट्रॉफी के कारण देर से शुरू होगा टूर्नामेंट नवंबर में का मेगा ऑक्शन हुआ। जिसके बाद कमेटी ने सभी टीमों को अगले 3 साल का संभावित शेड्यूल बताया था। जिसके हिसाब से इस बार का टूर्नामेंट 15 मार्च से 25 मई तक होना था। हालांकि 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। इसलिए प्लेयर्स को आराम देने के लिए ने शुरू होने की तारीख को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक पाकिस्तान और में खेली जाएगी। इसके 2 सप्ताह बाद शुरू होगा। अगर टीम इंडिया फाइनल में पहुंची तो भी प्लेयर्स के पास रेस्ट के लिए अच्छा-खासा समय रहेगा।डिफेंडिंग चैंपियन के घर में पहला मैच में परंपरा रही है कि डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर अगले सीजन का पहला और फाइनल मैच खेला जाता है। 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई में खिताब जीता था। इसलिए अब कोलकाता में ओपनिंग और फाइनल मैच होगा। हालांकि का सामना ओपनिंग मैच में किस टीम से होगा, यह अब तक सामने नहीं आया है। 18वें सीजन में 74 मैच होंगे 2025 में का 18वां सीजन होगा, टूर्नामेंट 2008 में शुरू हुआ था और तब से हर साल खेला जा रहा है। 18वें सीजन में 10 टीमों के बीच 74 मैच होंगे, इतने ही मैच 2022 से हर सीजन में खेले जा रहे हैं। 2022 में जब ने अपने ब्रॉडकास्टिंग राइट्स बेचे थे, तब कहा था कि 2025 और 2026 के सीजन में 84-84 मैच होंगे। हालांकि प्लेयर्स का वर्कलोड मैनेज करने के लिए कमेटी इस बार 74 मैच ही आयोजित कराने वाली है।

## रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी तक भारत के कप्तान बने रहेंगे

मुंबई, 12 जनवरी। रोहित शर्मा 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम की अचीवमेंट को देखते हुए उन्हें एक और मौका दिया गया है।

शनिवार और रविवार को मुंबई में हुई रिव्यू मीटिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगला भारतीय कप्तान बनाने पर भी चर्चा की गई है। रोहित की कप्तानी में कई यादगार उतार-चढ़ाव आए हैं। चाहे वे 2023 क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान लगातार 10 मैचों की जीत हो या 2024 में बारबाडोस में टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल जीतकर भारत की वापसी हो। उनकी लीडरशिप में टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भी पहुंची। अधिकारी मुंबई में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा कर रहे हैं। भारत के 3-1 से हारने के बाद रोहित की कप्तानी पर संकट है, क्योंकि वे बैट से भी प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया से 10 साल बाद सीरीज हारा भारत भारतीय टीम को इसी महीने समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की पराजय झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम 10 साल बाद ऑस्ट्रेलिया से बाइलैटरल सीरीज हारी है।

## पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पायल नाग बनी चैम्पियन



जयपुर, 12 जनवरी। पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आज सम्पन्न हुए। विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।

कंपाउंड महिला वर्ग में पायल नाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। शीतल देवी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि ज्योति कुमारी ने सरिता अदना को हराकर कांस्य पदक जीता। कंपाउंड पुरुष वर्ग में जम्मू-कश्मीर के राकेश कुमार ने उत्तर प्रदेश के मोहम्मद शावेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद शावेज को रजत पदक प्राप्त हुआ, वहीं छत्तीसगढ़ के टोमन कुमार ने राजस्थान के श्यामसुंदर स्वामी को हराकर कांस्य पदक जीता।

रिकर्व पुरुष वर्ग में हरियाणा के हरविंदर सिंह ने राजस्थान के धनाराम गोदारा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। धनाराम गोदारा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि उत्तर प्रदेश के विवेक चिकारा ने हरियाणा के राजेश कुमार को हराकर कांस्य पदक जीता।

## बांग्लादेश ने चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब अल हसन और लिटन दास को बाहर किया

ढाका, 12 जनवरी। बांग्लादेश ने पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## अंडर-23 वीमेन टी-20 ट्रॉफी, राजस्थान ओडिसा मैच

### राजस्थान ने प्रतियोगिता के नॉकआउट दौर हेतु क्वालीफाई किया

#### प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान का मैच उत्तराखंड से होगा

जयपुर, 12 जनवरी। राजस्थान टीम ने आयुषी गर्ग 41, अनाया गर्ग 18 व निशा गारती 12 रनो की सहायता से निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 91 रनो का स्कोर बनाया। ओडिसा के गेंदबाज अंकिता 14 /2 व प्रियंका 18 /2 विकेट प्राप्त किये। ओडिसा पारी 92/2, टीम के लिए एलिप्सा बिस्वाल 43 व पुजारानी दास 37 रनो का योगदान दिया। राजस्थान की गेंदबाज शानू 10 / 1 व डिंपल कँवर 15 / 1 विकेट प्राप्त किये। 16 जनवरी को बीसीसीआई अंडर 23 वीमेन टी20 प्रतियोगिता के प्री क्वाटर फाइनल मैच में राजस्थान का मुकाबला उत्तराखंड से त्रिवेंद्रम में होगा।

**अंडर 19 वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी राजस्थान-केरल मैच**

नागपुर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 महिला एक दिवसीय ट्रॉफी के आज खेले गए राजस्थान - केरल मैच में केरल जीती। केरल पारी 264 /4 टीम के लिए श्रेया सीजू नाबाद 107, विस्मया 45 व श्रद्धा सुमेश 44 रनो का योगदान दिए। राजस्थान की गेंदबाज मैना सियोल 49 / 3 व हैप्पी कुमारी 44 / 1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पारी 185 आल आउट। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान टीम ने पार्वती 28, श्रेया जोशी 23, हैप्पी कुमारी 22, एंजेल चौधरी नाबाद 20, अंशु सैनी 21, अंकिता महला 20, मैना सियोल 15 व पर्ल बामनवत 11 रनो का योगदान दिया।



# युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्त्रोत है। उनके "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" के संदेश को युवा आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे अपनी भीतर की शक्ति और क्षमता को पहचाने और अपने सपनों को पूरा करते हुए सफलता की नई उंचाईयों को छुएं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप प्रतिबद्ध है।

शर्मा रविवार को एस.एम.एस. स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा प्रतिभाओं को महोत्सव में पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आसमान में एक लम्बी उड़ान भरे। प्रदेश का हर युवा विकसित राजस्थान की दिशा में पूरी क्षमता के साथ काम करे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करे।




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एस.एम.एस. स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन पर 11 युवाओं को यूथ आइकॉन से सम्मानित किया।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार चार जातियां-युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्ती और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे समाज के सबसे बड़े स्तंभ हैं। हमारे युवा जिस देश और प्रदेश में गए हैं, उन्होंने मेहनत कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। आज विश्वभर में प्रवासी राजस्थानियों को अपनी हुनर और प्रतिभा से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई देशों को प्रदेश में भाषाई संस्थान खोलने के लिए आमंत्रित किया है ताकि हमारी युवा प्रतिभाएं विदेशी भाषाओं में पारंगत होकर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। हम युवाओं की शैक्षिणक योग्यता के साथ ही, कौशलपरक योग्यता तथा अभिरूचि के संबंध में पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण भी करेंगे। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत किए गए एमओयू के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की है। राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नई शाखाओं की शुरुआत भी की गई है, ताकि हमारे विद्यार्थियों को व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा मिल सके। अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलरेटर और एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी के तहत हमने युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 144 कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित कर करीब 30 हजार युवाओं का चयन और करीब 10 हजार युवाओं को करियर के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

# तेज सर्दी के कारण जयपुर में आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल बंद किये



**रविवार को दूसरे दिन भी सुबह से ही घना कोहरा और बादल छाये रहने से कड़ाके की ठंड पड़ी और सूर्यदेव भी कोहरे की ओट में छिपे नजर आये।**

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में बीते दिनों हुई मावठ के बाद तेज सर्दी और शीतलहर का असर बढ़ गया है। इसे देखते हुए जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 13 जनवरी तक कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी कर दी है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 13 जनवरी यानी स्कूलों में अवकाश रखने के आदेश जारी किए है। ये छुट्टी कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की रहेगी। लगातार तीन दिन छुट्टी होने से बच्चे पूरी तरह पतंगबाजी का मजा ले सकेंगे।

दरअसल, जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने 13 जनवरी को शीतलहर और कोहरे का अलर्ट देखते हुए छुट्टी घोषित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने आदेश जारी करते हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की सभी स्कूल (सरकारी और प्राइवेट) में छुट्टी रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, 14 जनवरी को भी मकर संक्रांति को जिला कलेक्टर की तरफ से सभी के लिए छुट्टी है। ऐसे में संभावना है कि 15 जनवरी को जयपुर में बारिश-ओलावृष्टि होने और तेज सर्दी होने की संभावना को देखते हुए छुट्टी की अवधि को 15 या उससे आगे तक बढ़ाया जा सकता है।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण किया

## स्वामी विवेकानंद की 13.5 फीट ऊंची अष्टधातु की यह मूर्ति जयपुर में तैयार कराई गई है

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के कोटड़ा क्षेत्र में बनाए गए विवेकानंद स्मारक पर स्थापित की गई स्वामी विवेकानंद की 13.5 फीट ऊंची मूर्ति का रविवार को युवा दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अनावरण किया। अष्टधातु की यह मूर्ति जयपुर में तैयार कराई गई है।

अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा शनिवार को कोटड़ा स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद की 13.5 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित कर उसे कपड़े से ढक दिया। प्रतिमा का अनावरण रविवार को प्रातः 10 बजे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि विश्व पटल पर भारतीयता, सनातन संस्कृति व हमारी समृद्ध वैचारिक-सांस्कृतिक विरासत को गौरवान्वित करने वाले असंख्य युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की मूर्ति अनावरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश को विश्व गुरु बनाने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे महापुरुष का जन्मदिन मनाने के लिए एकत्र हुए, यह गर्व की बात है।



अजमेर के कोटड़ा क्षेत्र में बनाए गए विवेकानंद स्मारक पर स्थापित की गई स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अनावरण किया।

- **स्वामीजी के ऊर्जादायी और मंगलकारी विचार सदैव राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के कार्यों के लिए प्रेरित करते रहेंगेः देवनानी**

उन्होंने विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान भी किया। उन्होंने कहा कि स्वामीजी के ऊर्जादायी और मंगलकारी विचार सदैव राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के कार्यों के लिए प्रेरित करते रहेंगे। स्मारक पर विवेकानंद गैलरी भी बनाई जाएगी, यहां ध्यान योग तथा विवेकानंद की शिक्षाओं को ग्रहण किया जा सकेगा। प्राधिकरण स्मारक पर बनाई गई तीनों गुमटियों को भी किराए पर देगा। इससे स्मारक पर आने वालों को कैफेटिरिया की सुविधा भी मिलेगी। इस दौरान भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, डिप्टी मेयर नीरज जैन, कलेक्टर लोकबंधु, एडीए आयुक्त नित्या सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**65 लाख की आई लागत:-** इस प्रतिमा के निर्माण पर 65 लाख की लागत आई है, जिसे जयपुर की फर्म मैसर्स निरानिया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बनाया है। एडीए के सहायक अभियंता राजेन्द्र कुडी और कनिष्ठ अभियंता अमित बजाज के तकनीकी दिशा निर्देशानुसार स्मारक पर मूर्ति को स्थापित किया गया। प्रतिमा की कुल ऊंचाई 23 फीट होगी, क्योंकि 13 फीट ऊंची इस प्रतिमा को 10 फीट ऊंचे पेडिस्ट्रल पर लगाया गया है। विवेकानंद स्मारक 2006 में शुरू करवाया और 70 बीघा में बाउंड्रीवाल बनाई। तत्कालीन कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ प्रकाश राजपुरोहित ने 1.32 करोड़ रुपए में इसका निर्माण स्मार्ट सिटी के तहत पूरा कराया था, लेकिन विवेकानंद की मूर्ति स्थापित नहीं जा सकी। निर्माण शुरू होने के 18 साल के बाद अब मूर्ति स्थापित हुई और विवेकानंद स्मारक का निर्माण पूरा हो गया।

**शहर के चारों ओर विकसित हुए स्मारक:-** शहर में वर्ष 2006-2007 में झलकारी बाई स्मारक, महाराणा प्रताप स्मारक तथा विवेकानंद स्मारक एक साथ स्वीकृत हुए थे। दाहरसेन तथा झलकारी बाई स्मारक को स्थानीय नेताओं ने प्रयास कर विकसित कराया। कई साल तक अधूरे रहे महाराणा प्रताप स्मारक को एडीए के तत्कालीन अध्यक्ष शिवशंकर हेड़ा ने पूरा कराया। यहां लेजर शो भी शुरू किया गया। स्मारक तैयार होने के तीन साल बाद विवेकानंद की मूर्ति स्मारक पर स्थापित होने से शहर के चारों स्मारकों का निर्माण पूरा हो चुका है। निजी संस्था के जरिए जयपुर रोड पर बनाया जा रहा महर्षि दयानंद स्मारक का निर्माण भी अगले माह पूरा होगा।

# इंस्टाग्राम के जरीये महिला से गृह क्लेश दूर करने के नाम पर ठगी

## बिशनगढ़ थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार जब्त की

**जालोर,** (कासं)। गृह क्लेश, जादू-टोना के नाम पर असली सोने के आभूषण को बदलकर नकली आभूषण देकर ठगी करने के मामले में जालोर जिले के बिशनगढ़ थाना पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार जब्त की है। इस मामले में लिप्त अन्य दो आरोपी की तलाश जारी है।

इंस्टाग्राम आईडी पर रिक्वेस्ट भेजकर अपने आपको पंडित बताकर गृह क्लेश का निवारण करने का झांसा दिया था जिस पर महिला ने ठगों के बहकावे में आकर घर पर बुला दिया। जालोर के निकट बिशनगढ़ में गृह क्लेश दूर करने के नाम पर जादू-टोना कर असली सोने के आभूषण बदलकर नकली आभूषण देकर ठगी करने की वारदात संज्ञान में आते ही घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों की शीघ्र गिरपतारी के लिए टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा ठगी के आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

आरोपी के मोबाइल नम्बरों की लोकेशन तथा सीसीटीवी फुटेज के हुलिया के अनुसार मुख्य सड़क व आम रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से आंकलन कर तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए ठगी के आरोपी दीपक भार्गव पुत्र उदाराम भार्गव निवासी रेडी पुलिस थाना डुंगरगढ़ जिला बीकानेर, कुलदीप पुत्र प्रेमचन्द भार्गव निवासी नाथु तालाब वार्ड 26 हरिराम बाबा मंदिर के पास सुजानगढ़ पुलिस थाना सुजानगढ जिला चूरू, मुकेश पुत्र बद्रीप्रसाद भार्गव निवासी राणासर पुलिस थाना सरदारशहर जिला चूरू को घटना में प्रयुक्त वाहन कार सहित गिरफ्तार किया। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की गई तो ठगी के फरार सहआरोपी नारायण पुत्र मनोज भार्गव निवासी सुजानगढ जिला चूरु एवं विष्णु पुत्र सुभाष भार्गव निवासी सुजानगढ जिला चूरु होना बताया, जिसकी तलाश जारी है।



पुलिस ने ठगी करने के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।

- **मामले में लिप्त अन्य दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है**

पीड़िता जयन्तिदेवी पुत्री जामताराम राजपुरोहित निवासी धोरा ढाणी उम्मेदाबाद ने रिपोर्ट पेश की थी। असली सोने के आईटम लेकर चले गये तथा उसके बदले में नकली आईटम देकर धोखाधड़ी करने पर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर तलाश शुरू की गई।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 11वें दिन भी लगातार जारी




दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन में शामिल हुये।

- **दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्यों, संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया**
- **जिला समाप्त करने के विरोध में चौथे दिन क्रमिक अनशन धरने पर दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्य बैठे**

**शाहपुरा,** (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर चौथे दिन रविवार को दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया। संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा व संयोजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे दिव्य संघ शाहपुरा के अध्यक्ष किशन तेली के नेतृत्व में सदस्य शंकरलाल सोलंकी, जडावदेवी गाड़िया लोहार बजरंग लाल कुम्हार, अजय टेलर, छोटू लाल वैष्णव, ओमप्रकाश खटीक, गलाराम गाचा, महावीर बैरवा, मनोज जीनगर, धर्म सिंह यादव, राजू लाल चावला, सूरतराम कुमावत, शांतिलाल माली, शहाबुद्दीन, गोपाल कुमावत, हंसराज जाट सहित कई सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया। दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की।

इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी, नरेश बूलिया, सुनील मिश्रा, धनराज जीनगर, राजेंद्र बोहरा, अजय प्रताप सिंह, नवीन जैन, प्रवीण पारीक, रवि शंकर उपाध्याय, अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, सह सचिव कमलेश मुंडेतिया, कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश पाठक, पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता नमन ओझा, चावण्ड सिंह, अंकित मालू, शरीफ मोहम्मद, प्रियेश यदुवंशी, पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।

अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति की बैठक रविवार संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा और संयोजक रामप्रसाद जाट की अगुवाई में हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय ले गए। इसके तहत शाहपुरा जिले को पुनः जिले का दर्जा मिलने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा और शहर और ठाामीण क्षेत्र में संघर्ष समिति के सदस्य जाकर आमजन को जोड़ते हुए जिले के महत्व के पंपलेट एवं पीले चावल वितरण कर 28 जनवरी को ब्लैक डे के रूप में संपूर्ण शाहपुरा बंद रखा जाकर विशाल रैली और आमसभा का आयोजन किया जाएगा एवं शाहपुर जिले की संपूर्ण तहसीलों में शाहपुरा को जिला बनाए रखना का ज्ञापन दिया जाएगा तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुहिम चलाकर आमजन की भागीदारी आंदोलन में सुनिश्चित की जाएगी।

अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा द्वारा 13 जनवरी को अनशन धरना प्रदर्शन करेगा।जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि 13 जनवरी को क्रमिक अनशन धरना पर अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे।

## सरपंच व पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज

**परबतसर,** (निसं)। पुलिस थाना परबतसर अंतर्गत ग्राम सांचौर के सरपंच और पटवारी के विरुद्ध षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार मेहराम पुत्र भंवरलाल नायक निवासी सांचौर ने पुलिस थाना परबतसर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सांचौर ग्राम के सरपंच रूपाराम डूडी, पटवारी रिछपाल चौधरी व मुकेश मेघवाल ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर मेरे साथ धोखाधड़ी करके मेरी जमीन हड़पने की नियत से मेरी जमीन का मुझे झांसे में रखकर इकरारनामा व मुख्तयारनामा निष्पादित करवा लिया। पीड़ित ने बताया कि उसने एक लाख साठ हजार रुपए रुपाराम डूडी व रिछपाल चौधरी से उधार लिए थे जबकि वह मुकेश मेघवाल को जानता ही नहीं। रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी ने अपनी जमीन का बेचान नहीं किया है, लेकिन उसे डरा धमकाकर स्टाम्प पर जबरन लिखा-पढ़ी करवा ली जो गलत है। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों ने मेरा अनपढ़ होने का फायदा उठाया है। विरोध किया तो रुपाराम ने रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## समझौते के बाद पोस्टमार्टम को राजी हुए परिजन

**डूंगरपुर,** (निसं)। पुलिस से बचने के प्रयास में साइबर ठगी के आरोपी के चौथी मंजिल से कूदने को लेकर रविवार सुबह समाज की बैठक के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर समझौते के बाद समाजजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। आसपुर पुलिस से बचने के प्रयास में साइबर ठगी का आरोपी शुक्रवार रात छत से कूद गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पिंडावल-साबला निवासी रमेश पाटीदार पुलिस को देखकर भागने लगा। आरोपी तीसरी मंजिल से भागकर चौथी मंजिल की छत पर पहुंच गया। पुलिस से बचने के प्रयास में छत से बालकनी में गिर गया। आरोपी को गंभीर हालत में पेसिफिक हॉस्पिटल उमरडा उदयपुर में भर्ती कराया गया। जहां से महाराणा भोपाल हॉस्पिटल उदयपुर में रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी।

# राज्य उपभोक्ता आयोग ने नागौर उपभोक्ता आयोग के निर्णय को बरकरार रखा

- **भारी वर्षा के कारण नवनिर्मित मकान को पहुंचे नुकसान का क्लेम खारिज करने का मामला**

**अजमेर,** (कासं)। भारी वर्षा के कारण नवनिर्मित मकान को पहुंचे नुकसान का क्लेम खारिज करने के मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग की सर्किट बेंच अजमेर ने नागौर जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय को बरकरार रखा हैं। सर्किट बेंच की तीन सदस्यीय पीठ ने चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अपील 25 हज़ार रुपए कास्ट पर खारिज की है।

नागौर जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने निर्णय में बीमा कंपनी को दोषी मानते हुए मकान को पहुंचे नुकसान की राशि 25 लाख तथा उस पर अक्टूबर 2020 से 9 प्रतिशत ब्याज और 10 हजार रूपए क्षतिपूर्ति दिलाने के आदेश दिए थे। मामले के अनुसार मेड़ता निवासी रविंद्र सोनी ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा से 19 लाख 50 हजार का ऋण लेकर मेड़ता सिटी में मकान बनाया था। परिवादी का मकान पूरी तरह बनकर फर्नीचर आदि से सुसज्जित होकर निवास करने योग्य हो गया।

अचानक 6 अगस्त 2019 को मेड़ता में भारी बारिश हुई, जिसके चलते परिवादी के घर के आसपास पानी इकट्ठा हो गया और जमीन धंस गई। परिवादी के मकान में जगह-जगह दरारें आने से मकान रहने लायक नहीं रहा। परिवादी ने मौके की जांच इंजीनियरिंग फर्म तथा पीएचईडी से कराई और नुकसान का आंकलन कर क्लेम प्रस्तुत किया। कंपनी ने 20 मार्च 2020 को क्लेम यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मकान को जो नुकसान हुआ है वह घटिया किस्म के निर्माण के कारण हुआ है और वर्षा से सम्पति को हुआ नुकसान पॉलिसी की शर्तों में शामिल नहीं है।

परिवादी ने बीमा कंपनी द्वारा क्लेम खारिज करने के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग नागौर में परिवाद प्रस्तुत किया और 25 लाख रुपए हर्जाने की मांग की। जिला उपभोक्ता आयोग नागौर ने परिवाद मंजूर कर बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी माना। चोलामंडल बीमा कंपनी ने नागौर जिला आयोग के निर्णय की अपील राज्य उपभोक्ता आयोग सर्किट बैंच अजमेर में की। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छावा, सदस्य उर्मिला वर्मा तथा लियाकत अली ने अपील की सुनवाई की। बैंच के समक्ष परिवादी के वकील अमित गांधी का तर्क था कि मकान को जो नुकसान हुआ है वह वर्षा के कारण हुआ, अत्यधिक वर्षा ने बाढ़ का रूप लिया है। बाढ़ से हुआ नुकसान पॉलिसी शर्तों में आता है। इसके अलावा गांधी का तर्क था कि कंपनी ने कोई ऐसी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है जो यह सिद्ध कर सके कि मकान में नुकसान घटिया किस्म की निर्माण सामग्री से हुआ। मकान पूर्णतया तैयार था और रहने से पूर्व ही उसमे दरारें आ गई जिससे मकान में रहना असंभव है, इसलिए क्लेम राशि प्राप्त करने का हकदार हैं।

राज्य उपभोक्ता आयोग की सर्किट बेंच ने रविंद्र सोनी के वकील गांधी के तर्कों से सहमत होकर यह है माना कि भारी वर्षा बाढ़ की श्रेणी में आती है और बाढ़ से होने वाला नुकसान पॉलिसी में शामिल है, इसलिए कंपनी क्लेम राशि देने के लिए उत्तरदायी है। राज्य आयोग की तीन सदस्यीय बेंच ने अपने निर्णय में लिखा कि बीमा कंपनी ने एक न्यायिक निर्णय को बिना किसी उचित आधार के अपील में चुनौती दी है, इस कारण प्रार्थी को अनुतोष प्राप्त होने में अनावश्यक विलम्ब हुआ है।

## गांव छान के मंदिरों में लगातार चोरी

**टोंक,** (निसं)। मेहन्दवास थाना क्षैत्र के गांव छान में लगातार कुछ दिनों से हो रही मन्दिरों की चोरियों से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस को रात्रि गश्त कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर थाने में सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया, जिसमें दिन में करीबन 2.43 बजे एक युवक मंदिर में घुसकर चोरी करते हुए देखा गया। सीसीटीवी कैमरे में इस संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की जा रही है, इसी प्रकार विगत एक सप्ताह से चोरियों का सिलसिला लगातार जारी है। समाजसेवी आशाराम जाट ने बताया कि स्थानीय सगस बाबा मंदिर, देवत माता मंदिर और हनुमान के मन्दिर में लगातार सात दिन से चोरी की वारदातें हो रही हैं।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। ट्रांसपोर्ट कारोबारी के खिलाफ पीड़ित से लाखों की नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित संजय पुत्र प्रवीण मित्तल निवासी ऋषि बिहार माधववाडा के पास पर्वत पाटिया सूरत ने हेमेन्द्रसिंह पुत्र भंवरसिंह निवासी ए ब्लॉक प्रतापनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि मेरी गुजरात में सिंगल रोड लाइन नाम से फर्म है। इस फर्म का उदयपुर में आरोपी हेमेन्द्रसिंह कारोबार करता है। जिसका कार्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग देबारी में स्थित है। आरोपी ने कंपनी के साथ कारोबार करते हुए विश्वासघात कर 17 लाख 86 हजार रूपये हड़प लिए।

# शिक्षा को विचारशीलता और मूल्यपरकता का आधार बनाना अनिवार्य : प्रो. देवस्वरूप

## राजस्थान विद्यापीठ का 39 वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक संपन्न

**उदयपुर,** (कासं)। बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. देवस्वरूप ने कहा कि शिक्षा को केवल व्यावसायिक सफलता का माध्यम नहीं, बल्कि विचारशीलता और मूल्यपरकता का आधार बनाना अनिवार्य है। प्रो. देवस्वरूप रविवार को जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड विवि के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रो. देवस्वरूप ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में उनकी भूमिका एक विशेष अवसर और चुनौती रही है। शिक्षा हमेशा से समाज के विकास का आधार रही है। यदि हम 1857 के कालखंड को देखें, तो यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उस समय ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। महात्मा गांधी ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए गुजरात विद्यापीठ की स्थापना की, जो उनके विचारों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसी दृष्टि से 1937 में राजस्थान विद्यापीठ की स्थापना हुई, जो शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण के लिए एक दूरदर्शी प्रयास था। उन्होंने कहा कि प्रो. सारंगदेवोत ने अपने अथक प्रयासों से राजस्थान विद्यापीठ को यूजीसी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न मापदंडों पर खरा उतारा है। यह संस्थान डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में भारत के गौरवशाली शिक्षण संस्थानों में शामिल हो चुका है।




राजस्थान विद्यापीठ के 39वें स्थापना दिवस समारोह को प्रो.एस. एस. सारंदेवोत ने संबोधित किया।

- **कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने राजस्थान विद्यापीठ के स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी**

पूर्व में शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण था। आज यह जॉब-केंद्रित हो गई है, जिससे शिक्षा और विचारशीलता के बीच एक अंतराल पैदा हो गया है। इसी कारण, आज के शिक्षित युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति देखी जा रही है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा को केवल व्यावसायिक सफलता का माध्यम नहीं, बल्कि विचारशीलता और मूल्यपरकता का आधार बनाना अनिवार्य है। एक शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि स्वयं अपने मूल्यों का उदाहरण बनकर विद्यार्थियों को प्रेरित करना है। सभ्यता और संस्कृति के साथ शिक्षा को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास निर्माण का माध्यम बनाना होगा। यही शिक्षा का सच्चा उद्देश्य है, और इसे प्राप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

राजस्थान विद्यापीठ के 39वें स्थापना सभी को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हमारी संस्कृति का मूल मंत्र आ नो भद्राः ऋतवो यंतु विश्वतः हमें प्रेरित करता है कि हम विश्वभर से श्रेष्ठ विचारों को आत्मसात करें। इसी विचारधारा को अपनाते हुए विद्यापीठ ने अपने दायित्व का निर्वहन किया है। आने वाले समय में विद्यापीठ 100 बेड अस्पताल को पूर्ण रूप से संचालित करेगा और एक आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सेंटर खोलेगा, जहां विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में भविष्य निर्माण की दिशा में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। हमारा लक्ष्य वर्तमान में 10 हजार विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाकर 30 हजार तक ले जाना है। कुलाधिपति प्रो. बलवंत राय जानी ने कहा कि राजस्थान विद्यापीठ की स्थापना एक छोटे से बीज के रूप में हुई थी, जो आज शिक्षा के एक विशाल वटवृक्ष के रूप में खड़ा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. देवस्वरूप, विशिष्ट अतिथि डॉ. निरुपमा सिंह, कुलपति कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, कुलसचिव डॉ. तरुण श्रीमाली के आथित्य में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने विद्यापीठ की यात्रा को साझा करते हुए कहा कि विद्यापीठ ने उसे समय जनू भाई के सपने को साकार किया। पीठ स्थविर कौशल नागदा ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 10 वर्षों का विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन किया गया। इससे पूर्व प्रमुख अतिथि प्रो. देवस्वरूप को एनसीसी छात्रों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## बाइक सवार से नकदी लूटी

**उदयपुर,** (निसं)। गोवर्धन विलास हाइवे पर बाइक सवार तीन बदमाश पीड़ित से नकदी छीन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित बाबूलाल पुत्र नाथुलाल परमार निवासी खजूरी गोवर्धन विलास ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि मैं 16 दिसंबर 2024 को बाइक पर गांव से उदयपुर जा रहा था। जहां बीच रास्ते खरपीणा पुलिया के समीप अन्य बाइक पर सवार भगवान पुत्र अर्जुन निवासी रमणी घाटी व साथी ने मुझे रोका तथा जेब से नकदी छीन ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई प्रदीप कुमार को सौंपी है।

## सूने मकान में चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़कर चांदी के बर्तन व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीचर्स कॉलोनी अम्बामाता निवासी पीड़ित विष्णु पुत्र चंद्रकृष्ण सक्सेना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि 8 जनवरी को मकान पर ताला लगाकर मैं बाहर गया था। दो दिन बाद लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो चांदी का लौटा, कटोरी, थाली, चम्मच सहित पूजन सामग्री तथा10 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच एएसआई ललितसिंह कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### मीणा जिला अध्यक्ष बने

**मावली,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की बैठक आज दिनांक 12 जनवरी 2025 रविवार को राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में देहात जिला अध्यक्ष लक्ष्मण लाल पालीवाल की अध्यक्षता और संगठन के संरक्षक श्री श्याम लाल आमेटा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी प्रदेश शिक्षक सम्मेलन में शिक्षको की अधिकतम भागीदारी हेतु जिले की ब्लॉक कार्यकारिणियों को जिम्मेदारी दी गई। जिला कार्यकारिणी आगामी प्रदेश सम्मेलन की मॉनिटरिंग करे। बैठक में संगठन के रिक्त पदों जिला अध्यक्ष लक्ष्मण लाल पालीवाल के सेवानिवृति, एवं जिला सभाध्यक्ष भवानीशंकर शर्मा के सेवानिवृति होने से श्री उपेन्द्र कुमार मीणा को जिला अध्यक्ष एवं श्री कमल चंद डांगी को जिला सभाध्यक्ष एवं श्री चंदू लाल मीणा को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों से मिलने का निर्णय किया। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री लच्छी राम गुर्जर, प्रदेश सभाध्यक्ष धुली राम डांगी, मावली ब्लॉक अध्यक्षशंकर लाल खटीक, मनोहर डांगी, गिर्वा ब्लॉक अध्यक्ष हीरा लाल गमेती एवं अन्य मौजूद रहे।

### इनामी बदमाश गिरफ्तार

**कपासन,** (निसं)। मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में आठ वर्षों से फरार वारण्टी पांच हजार रुपये के ईनामी किशन लाल जाट को कपासन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। न्यायालय से जमानत से फरार होने पर गिरफ्तारी के लिए इनाम जारी किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि भादसोड़ा थाना पुलिस ने 12 अगस्त 2011 को थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से अवैध मादक पदार्थ जब्त किया था, जिसमे पिकअप चालक व उसका साथी मौके से फरार हो गए थे, जिनको नामजद किया जाकर गिरफ्तार किया गया, उसके बाद आरोपी किशनलाल जाट को 2017 में जमानत मिलने पर वह फरार हो गया। जिसकी काफी तलाश करने पर भी नहीं मिलने से पुलिस अधीक्षक कार्यालय से वारण्टी किशनलाल पुत्र रामलाल जाट उम्र 40 साल निवासी जयपुरा थाना कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.) पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया। मादक पदार्थों की धरपकड़ व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी के तहत एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन एवं थानाधिकारी कपासन रतन सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाने के कुंजबिहारी, नीरज कुमार व किशन लाल ने आसुचना संकलन एंव सूचना के आधार पर आठ सालों से फरार वारण्टी कपासन थाने के जयपुरा निवासी 40 वर्षीय किशनलाल पुत्र रामलाल जाट उम्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासील की जिसको न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### चिन्तन शिविर का समापन

**उदयपुर,** (कासं)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिन्तन शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर के दौरान महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास के विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों पर साझा मंथन करते हुए विकसित भारत के संकल्प में आधी आबादी की पूरी भूमिका सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। केंद्र एवं विभिन्न राज्यों से आए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने चुनौतियों से निपटने के साथ ही नवाचारों को अपनाने का संकल्प दोहराया। राष्ट्रीय चिन्तन शिविर में सक्षम आंगनवाड़ी पोषण अभियान- 2.0, मिशन शक्ति तथा मिशन वात्सल्य सहित महिला एवं बाल विकास से जुडे.विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में किए गए नवाचारों को साझा करते हुए उनके सकारात्मक परिणामों की समीक्षा की गई। शिविर में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि चिन्तन शिविर काफी सकारात्मक रहा। कई चुनौतियों का सहज समाधान निकला और नवाचारों पर स्वस्थ चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिविर के सकारात्मक परिणाम जल्द ही धरातल पर नजर आएंगे। समापन सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने देश भर से आए मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए महिला एवं बाल विकास की राह में चुनौतियों की कमी नहीं है, लेकिन यदि चुनौतियों के उस पार ही सफलता है। कई जगह साहसिक नवाचार किए हैं, उन्हें अपनाते हुए आगे बढ़ने का संकल्प दोहराना होगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**उदयपुर,**(कासं)। प्रजापति युवा सोशल ठ्रुप की ओर से रविवार को 20 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेवलिया प्रजापति समाज उपरला गिर्वा संस्थान के सभा भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढचढकर भाग लिया और रक्तदान करने के साथ ही समय-समय पर रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का संकल्प लिया। संस्थान के पदाधिकारी मांगीलाल प्रजापत ने बताया कि ठ्रुप के सरंक्षक जादूगर राजतिलक ने 39 वीं बार रक्तदान कर युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बने। सदस्य किशनलाल प्रजापत ने बताया कि हॉस्पिटल में लगातार रक्त की कमी को ध्यान में रखकर शिविर आयोजित किया गया।

### वारनेश्वर हनुमानजी का पाटोत्सव आज

**उदयपुर,** (कासं)। वार्ड 37 में स्थित वारनेश्वर हनुमान मंदिर की प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर तृतीय पाटोत्सव सोमवार को मनाया जाएगा। समिति सहसंयोजकअरविन्द जारोली नेबताया कि इस अवसर पर यज्ञमय सुन्दकांड पाठ, नवीन ध्वजा परिवर्तन कर प्रसाद विरतण किया जाएगा।

### स्ट्रीक पाकर खिले बुजुर्गों के चेहरे

**राजसमंद,** (निसं)। समाजसेवी प्रकाश बोलीवाल व फतेहलाल कुमावत ने भगवानदा कला में भ्रमण कर 25 महिला-पुरुष बुजुर्गों की सूची तैयार की, जिनको स्ट्रीक के सहारे चलना पडता है। यह सूची अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई को भेजकर संस्थापक महेंद्र मेहता द्वारा 25 स्ट्रीक भेजी जिनको रविवार को चारभुजा मंदिर परिसर पर बुजुर्गों को स्ट्रीक वितरण की गई। स्ट्रीक वितरण करने पर बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# विकसित भारत के लिए आधी आबादी निभाएगी पूरी भूमिका : अन्नपूर्णा देवी

**उदयपुर,**(कासं)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो स्वप्न देखा है वह महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास के बिना संभव नहीं है। इसलिए सभी की जिम्मेदारी है कि वे महिला एवं बाल विकास के उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा प्रयास करें।

- **शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए 11 हजार करोड़ की योजनाएं**
- **'5 हजार करोड़ की लागत से बनेंगे कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल'**



उदयपुर में प्रेसवार्ता को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित किया।।

केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में देश में महिला एंव बाल विकास विभाग को लेकर जो योजनाएं है उसको लेकर राज्यों के सुझाव और चुनौतियां सामने आई हैं और उस पर काम किया जाएगा। देश में कामकाजी महिलाओं के लिए कई योजनाएं सरकार लेकर आई है। चिन्तन शिविर का भी यही उद्देश्य था और खुशी है कि यह काफी सकारात्मक रहा। शिविर में की गई चर्चा के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी तथा मंत्रालय उसी के अनुरूप आगामी कार्ययोजना तय करेगा। निश्चित रूप से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आधी आबादी अपनी पूरी भूमिका निभाने के लिए सक्षम होगी।

केन्द्रीय मंत्री उदयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की और से महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और कल्याण से जुडी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर चल रहे चिंतन शिविर के आखिरी दिन रविवार को यहाँ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थी।उन्होंने कहा कि देश के कई बडे शहरों में कामकाजी महिलाएं ज्यादा है उनके लिए हमारी सरकार काम कर रही है ताकि महिलाओं को काम करने में कोई समस्या नहीं हो। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 11 हजार 200 करोड रुपए की योजनाएं स्वीकृत कर चुकी है। कामकाजी महिलाओ के लिए 5 हजार करोड की लागत से हॉस्टल एवं वन स्टॉप सेंटरो का निर्माण करवाया जाएगा।वही भारत को बल विवाह मुक्त करने के प्रयास भी जारी रहेगे। इसके आलावा प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए 3 लाख करोड के बजट का प्रावधान भी किया है। देश की 14 लाख आंगनबाडी कार्यकर्ताओ एवं 11 लाख हेल्पर्स को नवाचारो से अवगत करवाया जा रहा है। किस राज्य की परफॉर्मेंस अच्छी तो थी और किसकी खराब के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह चिंतन शिविर था। इसमें रैंकिंग नहीं की गई। इसमें तो राज्यों ने एक.दूसरे के नवाचार जो अच्छे लगे उन पर चर्चा की और जो चुनौतियां सामने आई उसको लेकर समाधान निकाला गया। चिंतन शिविर अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे हैं बेहतर कार्य को दूसरे राज्य द्वारा अडॉप्ट करने और किसी भी राज्य के सामने आ रही समस्या या चुनौतियों का निराकरण करने के लिए किया गया।उन्होंने कहा कि चुनौतियों के रूप में तो फंड रिलीज को लेकर थी उसको लेकर कुछ समस्या आई तो हमारे अधिकारियों ने उसका निराकरण निकाला और पूरे सिस्टम को समझाया। साथ ही कुछ राज्यों को योजनाओं को डाउट थे उसको स्पष्ट किया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आंगनबाडी केंद्रों पर भामाशाहों के सहयोग के विषय में कहा कि यह अच्छा प्रयास है और इसके लिए लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी आंगनवाडी केंद्र को यदि किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा गोद लिया जाता है तो यह एक अच्छी पहल होगी।उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में राज्यों ने एक दूसरे के नवाचारों को समझा और उन पर चर्चा की। जो चुनौतियां सामने आई उसको लेकर समाधान निकाला गया।

चिंतन शिविर अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे हैं बेहतर कार्य को दूसरे राज्य द्वारा अडॉप्ट करने और किसी भी राज्य के सामने आ रही समस्या या चुनौतियों का निराकरण करने का माध्यम बना।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प सार्थक करने का जो उद्देश्य है उसी को लेकर हम आगे बढ रहे है। शिविर में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास की राह में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर जो सार्थक चर्चा हुई उनको समग्र रूप से तैयार कर उसके समाधान और नवाचार को लेकर रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय उसी के अनुरूप आगे बढेगा।

# दातापति हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन शुरू


दातापति हनुमान मंदिर में सात दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरू हुए।

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरण मंगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में 7 दिवसिय धार्मिक आयोजन 10 जनवरी शुक्रवार से प्रारम्भ हुए।

मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया की शुक्रवार सुबह 8.15 से महा अभिषेक से धार्मिक आयोजन की शुरुआत हुई। मंदिर स्थित राम दरबार, गणेश जी महाराज, वैष्णोदेवी माता, सर्वेश्वर महादेव,दातापति दरबार एवम राडाजी महाराज का अभिषेक पंडित जय नारायण आमेटा के आचारयत्व मे सम्पन्न हुआ। शनिवार 11 जनवरी को अयोध्या धाम में राम लला मंदिर के प्रथम पाटोत्सव पर दातापति मंदिर में शाम को दीपोत्सव मनाया गया जिसमें सभी महिलाओ ने नीले वस्त्र पहन कर धार्मिक भजन गाये एवम भगवान के प्रसाद चढ़ाया। महंत ने बताया की 15 जनवरी को 6 बजे से सांवरिया सेठ की कथा का आयोजन राजेश वैष्णव के मुखारबिंद से होगा तथा गुरूवार 16 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सुंदरकांड पाठ एवं शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा एवं शुक्रवार 17 जनवरी को सुबह से हवन यज्ञ प्रारंभ होंगे। दोपहर 12 बजे ध्वजा चढ़ाई जाएगी एवं महाआरती होगी उसके पश्चात मंदिर में आएं सभी भक्तों को भोजन प्रसादी कराई जाएगी ईस अवसर पर मंदिर में विशेष सजावट व रोशनी की व्यवस्था की गई है। मंदिर के महंत ने सभी भक्त गणों को आमन्त्रित किया है

### नानी बाई रो मायरो कथा शुरू

**राजसमंद,** (निसं)। जिस जीव के ऊपर प्रभु की असीम कृपा होती है, उसे ही सत्संग की प्राप्ति होती है। सत्य और सत्य का ज्ञान करने वाले को ही सत्संग कहते हैं। यह विचार साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती ने व्यक्त किए। वें सनवाड गौ रक्षक गौशाला संस्थान में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा के पहले दिन रविवार को श्रद्धालु श्रोताओं को उद्बोधन दे रही थीं। उन्होंने कहा कि मेवाड की भूमि साधारण नहीं है क्योंकि यहां पर कई वीरों ने और माताओं ने अपने सर कटवाकर बलिदान दिया है। ऐसी वीर प्रसूता भूमि पर आप सत्संग सुन रहे हैं। इसी भूमि से अचार्य जगदीश गोपाल पूरे देश में 31 वर्षीय गो चेतना पर्यावरण यात्रा पर निकले हैं। गोसेवा की कोई बडी मिसाल नहीं हो सकती। उन्होंने बिनु सत्संग विवेक न ही होई राम कृपा बिनु सुलभ न सोई दोहे का उच्चारण करते हुए कहा कि सत्संग को सिर्फ सुना नहीं, बल्कि जीवन में उतरना है, जिसके माध्यम से ही जीव का ईश्वर से मिलन होकर कल्याण का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने राजा मुचकुंद की कहानी का वर्णन करते हुए कहा कि उनके द्वारा भक्ति मांगने पर ही उनका गुजरात के जूनागढ में नरसी मेहता के रूप में नागर ब्राह्मण वंश में जन्म हुआ। उसके बाद में 8 बरस की उम्र में सबसे पहले राधे-कृष्ण ही अपने मुख से बोले। यह प्रभु भक्ति का ही परिणाम था। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चें मम्मी-पापा बोलते हैं, जो बिल्कुल गलत है।

## सार-समाचार

### इनामी आरोपी पुणे से गिरफ्तार



**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा पुलिस ने डोडा चुरा तस्करी में सलिप्त पांच हजार का ईनामी अभियुक्त को पूणे महाराष्ट्र से गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के मूलतरू चित्तोडगढ जिले के डूंगला निवासी है। पुलिस की ओर से अग्रीम अनुसंधान जारी है।बॉडीरू बिछीवाडा पुलिस ने डोडा चुरा में सलिप्त एक अभियुक्त को पूणे महाराष्ट्र से गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। बिछीवाडा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि 18 नवंबर 2023 को गुजरातकृराजस्थान सीमा पर रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस टीम ने नाकाबदी के दौरान एक ट्रक को रुकवाया था। इस ट्र को नारायणलाल मेघवाल चला रहा थाए वही उसके साथ सुंदरलाल अहीर सहचालक के रुप में मौजूद था। ट्रक के केबिन में तलाशी के दौरान 38० ग्राम अफीम और 42 किलोग्राम डोडा चूरा के कटटे मिले थे। जिस पर दोनो को गिरफतार कर अनुसंधान शुरू किया था। जिसमें चित्तोडगढ जिले के डूंगला पुलिस थाने के पुरण पुत्र मांगीलाल अहीर का नाम सामने आया था। उसके खिलाफ एनडीपीसी ए ट में मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। अभियुक्त पिछले कई महिने से फरार चल रहा था।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बरोठी गांव में रविवार देर शाम हो तेज रफ्तार ट्रकनेआगेचलरहीबाइकमारीटक्कर दी।हादसेमेंबाइकपर सवार तीन युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हों गई। वहीं दो अन्य घायल युवकों को जिला अस्पताल में इलाज जारी। जानकारी अनुसार आमझरा निवासी लोकेश पुत्र अर्जुन हंगात, विष्णु पुत्र हरीश हंगता और अनिल पुत्र जीवा ननोमा तीनों रविवार को देर शाम आमझरा गांव सेबिछीवाडा आए हुए थे। जहां से बाइक लेकर वापस आमझरा गांव की ओर जा रहे थे। रास्ते नेशनल हाईवे बरोठी के निकट पीछे आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार कर फरार होगया। टक्कर से लोकेश पुत्र अर्जुन हंगात की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं विष्णु और हरीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर बिछीवाडा थाने से एएसआई लालशंकर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा घायला दोनो युवको कोबिछीवाडा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रथमिक उपचार के बाद डूंगरपुर के लिए रेफर किया गया। वहीं पुलिस ने मृतक लोकेश हंगात के शव कोबिछीवाडा अस्पताल के मोर्चरी में शव को रखवाया गया। इधर सूचना मिलने पर मृतक युवक के परिजन भीबिछीवाडा अस्पताल पहुंचे।

### वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। अहमदाबाद-उदयपुर रेलवे मार्ग पर आसियावाव गांव के पास एक मानसिक बीमार वद्ध केट्रेनसेटकराने के बाद रविवार सुबह 7 बजे ईलाज के दरम्यान मौत होगई।पुलिसनेपोस्टमार्टमकराकर शव परिजन को सुपुर्द किया। कनबा चौकी प्रभारी शिशुपालसिंह ने बताया कि अहमदाबाद से उदयपुर मार्गपर एक टावर वेगन मालगाडी शनिवार शाम को आ रही थी। जहां पर आसियावाव गांव का निवासी कुरा पुत्र रुपा अहारी उम्र 7० वर्ष मानसिक रुप से बीमार था। वो सुबह से घर से लापता था। ट्रेन से टकराने के बाद लॉकोपायलट उसी वेगन में लेकर डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। जहां पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वद्ध की फोटो बिछीवाडा क्षेत्र के आसियावाव ग्राम पंचायत में भेजी। जहां पर उसके परिजनों ने पहचान कर मोर्चरी पहुंचे। जहां पर पुलिस को रिपोर्ट देने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सुपुर्द किया।

### साधारण सभा का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था के सदस्यों की साधारण सभा 12 जनवरीरविवार को प्रातः 11.00 बजे संस्था भवन, चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर में आयोजित की गई। बैठक में समाज जन द्वारा उत्साह से भाग लिया गया। जिसमे भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के बाद संस्था की 2022 से आज तक की विभिन्न समाज हित की गतिविधियों पर चर्चा की जाकर सदस्यों द्वारा वर्तमान संचालित गतिविधियों और भविष्य में समाज हित की योजनाओं बाबत् भी विचार विमर्श कर समाज हित के निर्णय लिये गये। बैठक में समाज जनों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। कार्यवाही का संचालन कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 चंद्रिका शर्मा ने किया। सचिव भैरू लाल सुथार ने संस्था गतिविधियों का प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र सुथार ने 2 वर्षो का आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश किया। सभा का प्रारंभ राष्ट्रगान से किया गया।

### अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए टीडी स्थित जावरमाता होटल के पास से गोरव पुत्र नरेन्द्र चौधरी निवासी वलीचा को दबोच कर उसके कब्जे से अवैध 5 कर्टन शराब के जब्त उसे गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**उदयपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्ति कार्मिकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही युवाओं से वर्चुअल संवाद भी किया। उदयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत एवं उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के आतिथ्य में हुआ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान प्रदेश के विभिन्न विभागों के राजकीय सेवा में नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस दौरान 31 हजार करोड़ के 76 हजार से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास- लोकार्पण भी हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण भी किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि आज राजस्थान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में ऐतिहासिक रूप से 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए है जो अब एक-एक कर धरातल पर उतर रहे हैं।


मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नवनियुक्ति कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपते अतिथि।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए एक यूरोपियन लेखक का हवाला देते हुए कहा कि भारत का विचार यदि जानना है तो स्वामी विवेकानंद को पढ़ना होगा। सांसद डॉ रावत ने कहा कि युवाओं के सपनों को पेपर लीक के माध्यम से कुचलने वालों पर सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। जिला स्तरीय उत्सव की नोडल एवं जिला कोषाधिकारी सीमा गीतेश मालवीय एवं महेंद्र सिंह सीमर ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान उदयपुर जिले के राजकीय सेवा में 211 नव चयनित अभ्यर्थियों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिसमें वित्त विभाग के 96 पुलिस विभाग के 28 चिकित्सा विभाग के 74 तथा 13 अन्य विभागों के अभ्यर्थी शामिल हैं। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने जयपुर से वर्चुअली सार्वजनिक निर्माण विभाग के तहत हुई जिले की बजट घोषणाओं के 11715.52 लाख की लागत के 199 कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बडी संख्या में राजकीय सेवा में नवचयनित अभ्यर्थी एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

**कपासन,** (निसं)। पत्रकारिता कोई सामान्य व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के लिए एक जिम्मेदारी है। पत्रकारों द्वारा ही समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाकर सच्चाई को सामने लाया जाता है।

यह बात जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ राजस्थान (जार) के प्रदेश अध्यक्ष हरि बल्लभ मेघवाल ने जिला मुख्यालय पर आयोजित 'जार' की जिला कार्यकारिणी के शपथ समारोह व पत्रकार सम्मेलन को अध्यक्ष के रूप में संबोधित करते हुए कही। मेघवाल ने कहा कि देश में कई बड़े घोटाले और घटनाओं का खुलासा पत्रकारों द्वारा किया गया। ऐसे में पत्रकारों को कई खतरों व समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान के लिए जार हमेशा तत्पर है। प्रदेश अध्यक्ष मेघवाल ने बताया कि जार द्वारा राज्य सरकार से प्रदेश मुख्यालय पर संगठन कार्यालय बनाए जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, नेशनल हाईवे पर स्थित टोल नाकों पर छूट दिलाने, आरजेएचएस के माध्यम से चिकित्सा सुविधा दिलाने, अधिस्वीकरण प्रक्रिया में सरलता लाने और वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन के नियमों में संशोधन की मांग रखी गई है। जिस पर सरकार द्वारा सकारात्मक विचार किया जा रहा है। उन्होंने जार के सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आ ान करते हुए कहा कि अपने निजी हितों को त्याग कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें।

# 'राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की अहम भूमिका'

**राजसमंद,** (निसं)। माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना राजसमंद के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में एसआरके कॉलेज के सभागार में मनाई गई। प्रारंभ में अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो सुमन बडोला ने कहा की युवा स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए आगे बढे।


राजसमंद में स्वामी विवेकानन्द की जयंती एस आर के कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते अतिथि।

उन्होंने कहा की विवेकानंद अपने ओजस्वी एवं श्रेष्ठतम विचारो से असंख्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित करने वाले भारतीय स्वाभिमान के एक अमर स्वर हैं जिन्होंने अपने देश-धर्म को दुनिया में नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई हैं। सामाजिक रूढियों को समाप्त करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा स्वामी विवेकानंद के बारे में अध्ययन कर स्वयं के भीतर नई चेतना जागृत करें। सकारात्मक सोच ही युवाओं को आगे बढा सकती है। देश के युवा यदि पूरी शक्ति के साथ किसी कार्य को करने में लग जाये तो कोई देश भारत को विश्व शक्ति, विश्व गुरु बनने से रोक नही सकता। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ गोपाल लाल कुमावत ने कहा कि नौजवान पीढी ही कल का भारत है। इसलिए युवाओं का उत्तरदायित्व है कि वह देश को हर कदम पर मजबूती के साथ आगे बढाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम सहायक हनवंत सिंह चौहान ने कहा की युवावस्था का मतलब है अपनी उम्मीदों को संजोना। यह विकास एवं परिवर्तन का समय है, जो सिखने के साथ-साथ समाज में बेहतर तालमेल बनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढना होगा। उन्होंने माय भारत द्वारा युवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित सेवा से सीखे इंटर्नशिप कार्यक्रमों से जुडने का आ ान किया। आयोजित राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता में कन्हैयालाल तेली ने प्रथम, भूमिका साध्या ने द्वितीय एवं ममता कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक डॉ अनिल कुमार कालोरिया, डॉ राकेश कुमार बागोटिया, डॉ राजश्री शेखावत रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


MARUTI SUZUKI ARENA
BEAT THE PRICE HIKE
कीमतें बढ़ने से पहले विशाल रेंज में से अपनी पसंद चुनें।
अपनी मनपसंद कार्स पर भारी बचत करें।
3 years 100 000 km WARRANTY**
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
विशेष ऑफर
ALTO K10 ₹53 100* | S-PRESSO ₹53 100*
WAGONR ₹48 100* | CELERIO ₹53 100*
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
T&C Apply Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Offer valid with selected financiers only. **3 years or 100 000 km whichever is earlier. Above offers are valid till 31st January, 2025.